
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




आवश्यकता है
ऑफिस के लिए चाय-नाश्ता, खाना बनाने एवं ऑफिस कार्य हेतु प्यून की आवश्यकता है।
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 7869620239



वर्ष- 15 अंक - 50 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 3 दिसंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


# कका पर भरोसा नहीं जता पाया छत्तीसगढ़



## भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ मिली सत्ता की कमान, कांग्रेस 33 पर सिमटी

**श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क**

**भिलाई। कई तरह के स्लोगन और नारों के बीच छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने कांग्रेस को पूरी तरह से नकार दिया है। उम्मीदों और एक्जिट पोल के नतीजों से विपरीत मतदाताओं ने भाजपा के हाथ में सत्ता की कमान सौंपी है। अंतिम परिणाम आने तक छत्तीसगढ़ में भाजपा को कुल 56 सीटें मिलती दिख रही है, जबकि सत्तारूढ़ दल कांग्रेस महज 32 सीटों पर सिमट गई है। 2 सीटें अन्य के खाते में जाती दिख रही है। राज्य में सत्ता का जादुई आंकड़ा 46 का है, जिससे भाजपा काफी आगे निकल गई है। पूर्ण बहुमत आने के साथ ही छत्तीसगढ़ में नई सरकार बनाने की कवायद भी शुरू हो गई है। दिल्ली से आज ही भाजपा के कई शीर्षस्थ नेता भी राजधानी रायपुर पहुंचे। इधर, नतीजे सामने आने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हार स्वीकार करते हुए राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा सौंप दिया। संभावना है कि भाजपा भी राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करेगी और दो दिनों में शपथ ग्रहण भी हो जाएगा।**

छत्तीसगढ़ के मतदाताओं ने भूपेश है तो भरोसा है, अबकी पार 75 पार जैसे नारों को धत्ता बताते हुए राज्य में सत्ता की कमान भाजपा को सौंप दी है। इन नतीजों को इसलिए भी अप्रत्याशित माना जा रहा है क्योंकि स्वयं भाजपा को 45 से 48 सीटें मिलने का अनुमान था। वहीं एक्जिट पोल भी भाजपा को पूर्ण बहुमत के करीब दिखा रहे थे, लेकिन सत्ता की बागडोर कांग्रेस के ही हाथों में सौंप रहे थे। कांग्रेस पार्टी के लिए ये नतीजे इसलिए भी बेहद निराशाजनक रहे हैं क्योंकि उसके 13 में से कुल 9 मंत्रियों को पराजय का मुंह देखना पड़ा है। 2018 के चुनाव में सत्ता के 4 केन्द्र रहे थे। इनमें भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, चरणदास महंत और ताम्रध्वज साहू शामिल थे। इनमें से 2 चेहरे भूपेश बघेल और चरणदास महंत ही चुनाव जीतने में कामयाब रहे हैं। उपमुख्यमंत्री रहे टीएस सिंहदेव और गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पराजय का सामना करना पड़ा है। इन दोनों को नए और युवा प्रत्याशियों के हाथों हार मिली है। कांग्रेस को अपेक्षाओं के विपरीत मिली हार के कई कारण गिनाए जा रहे हैं।

### छाई रही अंदरूनी खींचतान

छत्तीसगढ़ में पूरे पांच साल कांग्रेस के भीतर की अंदरूनी खींचतान छाई रही। सीएम भूपेश बघेल और डिप्टी सीएम टीएस सिंदेव के बीच कथित टकराव की खबरें और अटकलें अक्सर सुर्खियों में रहीं। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंदेव के बीच ढाई-ढाई साल के फॉर्मूले की चर्चाओं पर भाजपा के नेता अक्सर तंज कसते नजर आए। यही नहीं प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा और प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम के बीच भी टकराव की खबरें आती रहीं। चुनाव विश्लेषकों की मानें तो जनता के बीच इन खबरों का गलत प्रभाव पड़ा। कई जगहों पर परोक्ष रूप से बागियों ने भी खेल बिगाड़ने का काम किया।

### धरातल पर घोषणाओं का असर

छत्तीसगढ़ में शराबबंदी एक बड़ा चुनावी मुद्दा रहा है। पिछली बार कांग्रेस ने इस वादे के साथ सरकार बनाई थी। रमन सिंह बार-बार कांग्रेस सरकार पर इसको लेकर सवाल उठाते रहे हैं। रमन सिंह के साथ अन्य भाजपा नेताओं ने धरातल पर शराबबंदी नहीं लागू होने का आरोप लगाया है। भाजपा के नेता लगातार भूपेश बघेल सरकार पर गोठान घोटाले का भी आरोप लगाते रहे। विश्लेषकों की मानें तो भूपेश सरकार ने घोषणाएं तो की लेकिन धरातल पर उनका चमत्कारिक असर नजर नहीं आया।

### वादों पर नहीं जगा जनता का यकीन

नतीजों से उत्साहित राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा कि सूबे के लोगों को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों और वादों पर भरोसा है, न कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के वादों पर... रमन सिंह पूरे चुनावी अभियान में उक्त बातें कहते रहे और कांग्रेस पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। वहीं पीएम मोदी यह बताने में सफल रहे कि उनकी गारंटी पक्की है। चूंकि लोगों ने पांच साल भूपेश सरकार का कामकाज देखा था, शायद यही वजह रही कि उन्होंने भाजपा को फ़िर से मौका देने का मन बनाया।

### भ्रष्टाचार के आरोपों ने भी बिगाड़ा खेल


पूरे चुनावी कैंपेन में भाजपा के नेता सूबे की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते नजर आए। भाजपा नेताओं ने भूपेश बघेल सरकार पर कोयला घोटाला, गोठान घोटाला, महादेव ऐप घोटाला जैसे मामलों में शामिल होने का आरोप लगाया। इससे जनता के मन में कांग्रेस नेताओं के प्रति अरुचि पैदा हुई। इसके अलावा कांग्रेस के कई नेताओं के खिलाफ ईडी और आईटी की कार्रवाइयों से भी लोगों के मन में कांग्रेस के खिलाफ माहौल बनता चला गया। कांग्रेस इन कार्रवाइयों के खिलाफ माहौल बनाने में नाकाम रही।

## छाए रहे मतांतरण, लव-जिहाद के मुद्दे

सूबे में अक्सर मतांतरण और लव-जिहाद के मामले सामने आए। सूबे में बेमेतरा जिले के बिरनपुर में हुई सांप्रदायिक हिंसा का मामला भी खूब छाया रहा। भाजपा नेताओं ने इसे हर मौके पर उछालने की कोशिश की। यहां तक कि भाजपा ने ईश्वर साहू को चुनाव मैदान में उतार दिया जिनके बेटे भुनेश्वर साहू की सांप्रदायिक हिंसा में हत्या कर दी गई थी। भाजपा नेता सूबे की भूपेश बघेल सरकार पर लगातार तुष्टीकरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाते रहे। यही रही कांग्रेस के इकलौते बड़े मुस्लिम चेहरे मोहम्मद अकबर के खिलाफ भी भाजपा ने कट्टर हिंदुत्व के पैरोकार प्रत्याशी को उतारा।


# वीवीआईपी जिले से भूपेश बघेल व देवेन्द्र यादव ने बचाई कांग्रेस की नाक

## दुर्ग ग्रामीण से ताम्रध्वज साहू व दुर्ग शहर से अरुण वोरा बुरी तरह हारे













**भिलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान वीवीआईपी जिले दुर्ग की ओर सभी की नजरे टिकी रही। सुबह मतगणना शुरू होने के बाद से ही दुर्ग जिले की 6 विधानसभा सीटों हाल जानने लोगों में उत्सुकता दिखी। छत्तीसगढ़ में उम्मीद के उलट भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को बुरी तरह से पछाड़ दिया है। इस दौरान दुर्ग जिले की 6 में से 4 सीटें भाजपा ने जीत ली हैं। देर शाम तक आए नतीजों के अनुसार दुर्ग जिले में प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल व भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की कांग्रेस की नाक बचाने में कामयाब रहे। बाकी सभी चारों सीटों पर कांग्रेस को बुरी तरह से हार का सामना करना पड़ा है।

बता दें दुर्ग जिले को छत्तीसगढ़ का वीवीआईपी जिला इसलिए कहा जाता है क्योंकि मुख्यमंत्री व गृहमंत्री इसी जिले हैं। इसके अलावा चुनाव की घोषणा के बाद से इन सभी नेताओं के चेहरों पर जीत झलक रही थी। अंत में जब चुनाव नतीजे सामने आए तो वे चौंकाने वाले निकले। दुर्ग जिले में पाटन व भिलाई नगर को छोड़ बाकी सभी सीटों पर कांग्रेस को बड़ी हार झेलनी पड़ी है। पाटन में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सांसद विजय बघेल को 22 हजार से ज्यादा वोटो के अंतर से हराया। वहीं भिलाई नगर से देवेन्द्र यादव की जीत बेहद मामूली रही। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को 13 सौ से भी कम मतों के अंतर से हराया है।

### नए चेहरों ने दर्ज की बड़ी जीत

दुर्ग जिले में नए चेहरों ने बड़ी जीत दर्ज कर भारतीय जनता पार्टी के चयन को सही ठहराया है। भारतीय जनता पार्टी ने दुर्ग शहर, दुर्ग ग्रामीण व वैशाली नगर विधानसभा से नए चेहरों को उतारा। दुर्ग शहर में गजेन्द्र यादव, दुर्ग ग्रामीण में ललित चंद्राकर व वैशाली नगर से रिकेश सेन को मैदान में उतारा। दुर्ग शहर से गजेन्द्र यादव ने अरुण वोरा को लगभग 40 हजार वोटों के अंतर से हराया है। वहीं दुर्ग ग्रामीण से गृहमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता ताम्रध्वज साहू को 16 हजार से भी ज्यादा वोटों के अंतर से हराया। इसी प्रकार वैशालीनगर विधानसभा से भी रिकेश ने कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश चंद्राकर पर भारी जीत दर्ज की है। रिकेश सेन की जीत का अंतर भी 35 हजार मतों से ज्यादा का रहा। इसके अलावा दुर्ग जिले की एक और सीट व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का गृह क्षेत्र अहिवारा विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाडा ने कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल कोसरे को 25 हजार से ज्यादा के अंतर से हरा दिया है। फाइनल आंकड़ों में जीत का अंतर कम ज्यादा हो सकता है।

# भूत की तरह निकलकर फिर वायरल हो गया वीडियो

श्रीकंचनपथ




व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी कब क्या कर जाए, इसका कोई ओर-छोर नहीं है. पिछले दो दिनों से एक वीडियो दोबारा वायरल हो रहा है। इसमें राजनांदगाव की महापौर हेमा देशमुख को टारगेट किया गया है। कहा जा रहा है कि हेमा ने यहां बौद्ध सम्मेलन में सनातन के खिलाफ लोगों को भड़काया। इस सम्मेलन में बौद्ध धर्म के प्रति शपथ ली गई जिसमें कहा गया कि शपथकर्ता हिन्दू धर्म के देवी देवताओं में आस्था नहीं रखते। लोग नए सिरे से इस वीडियो के खिलाफ टिप्पणी कर रहे हैं। कांग्रेस को हिन्दुत्व विरोधी मानसिकता का बताया जा रहा है। अब आते हैं इस वीडियो की असलियत पर। यह वीडियो लगभग एक साल पुराना है। बौद्ध धर्म के अनुयायियों का यह राज्य स्तरीय सम्मेलन था। इस सम्मेलन में बतौर महापौर हेमा देशमुख के अलावा बतौर विधायक डॉ रमन सिंह ने भी शिरकत की थी। इसमें भाजपा या कांग्रेस का कोई भी लेना देना नहीं था। बौद्ध धर्म के सम्मेलन में बौद्ध मतानुयायियों ने भीमराव अम्बेडकर द्वारा रचित 22 प्रतिज्ञाओं को दोहराया। हेमा इसका हिस्सा नहीं थीं। डॉ रमन सिंह भी कुछ समय पहले उठकर चले गए थे। बौद्ध धर्म के अनुयायी बौद्ध धर्म की शपथ लेंगे, इसमें आश्चर्य की बात नहीं है। जिसमें उनकी आस्था है वो ऐसा कर सकते हैं। इस शपथ से किसी भी अतिथि का कोई लेना देना नहीं हो सकता। कुछ शरारती तत्व न केवल ऐसे वीडियो को संभालकर रखते हैं बल्कि सही समय पर इसे पोस्ट कर वायरल करने की कोशिश भी करते हैं। कुछ लोग लगातार ऐसे वीडियोज की तलाश में लगे रहते हैं जिन्हें वायरल किया जा सके। वीडियो को एडिट कर उसे और मजेदार बना दिया जाता है। एक और वीडियो इन दिनों भूपेश बघेल और टीएस सिंहदेव का भी वायरल हो रहा है। इसमें कॉमिक कैरेक्टर्स के रूप में दोनों को क्रिकेट खेलते दिखाया गया है। गुस्से में सिंहदेव भूपेश की तरफ जूता उछालते हैं जिसे भूपेश का बल्ला वापस उन्हीं पर दाग देता है। सिंहदेव चारों खाने चित हो जाते हैं। इसके बाद भूपेश भाग निकलते हैं और सिंहदेव उनके पीछे दौड़ने लगते हैं। ये वीडियो लोगों का खूब मनोरंजन कर रहे हैं। पर इन्हें इसी रूप में देखा जाना चाहिए। अगर वीडियो देखकर कोई उत्तेजित हो जाता है तो वह अपना ही नुकसान करता है। उसका बीपी बढ़ सकता है, अपने लोगों से बहस हो सकती है। आपसी संबंध खराब हो सकते हैं। हर किसी के पास इतनी फुर्सत नहीं कि वो हर खबर का फैक्ट-चेक करे। इस सिलसिले में हाल ही में आई एक फिल्म का उल्लेख किया जा सकता है। 'वैक्सीन-वार' नामक इस फिल्म में दिखाया गया है कि किस तरह फेक न्यूज को सर्कुलेट कर उससे पब्लिक ओपीनियन तैयार किया जाता है, गलत नरेटिव स्थापित किये जाते हैं। कैसे सरकारों पर ऐसी खबरों से दबाव बनाया जाता है। अत: सभी को सावधानी बरतने की जरूरत है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# इकॉनमी की रफ्तार

मौजूदा वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई से सितंबर) में जीडीपी ग्रोथ की बढ़ी हुई रफ्तार ने सबको चौंका दिया। किसी ने नहीं सोचा था कि इकॉनमी इस अवधि में 7.6 फीसदी की रफ्तार हासिल करेगी। रिजर्व बैंक का भी अनुमान 6.5 फीसदी की बढ़ोतरी का था। इस आंकड़े से जुड़े कुछ खास पहलू ध्यान देने लायक हैं। पहला, मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर 13.9 फीसदी बढ़कर 7.15 लाख करोड़ रुपये तक जा पहुंचा है। दूसरा, कंस्ट्रक्शन क्षेत्र 13 फीसदी इजाफे के साथ 3.04 लाख करोड़ का हो गया है। तीसरा, निवेश में 11 फीसदी की बढ़त हुई है, जिसके बाद यह 14.71 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। हालांकि इन चमकते बिंदुओं के साथ ही ग्रोथ के आंकड़ों से जुड़े कुछ ऐसे भी पहलू हैं, जो राह में आगे खड़ी चुनौतियों की ओर संकेत करते हैं। एक बात तो यही है कि प्राइवेट खपत में बढ़ोतरी की रफ्तार काफी धीमी रही है। इस दौरान इसमें महज 3.1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई, जो आमदनी के वितरण के लिहाज से अच्छी खबर नहीं कही जा सकती। यह बड़ी बात है क्योंकि देश के जीडीपी में खपत की भागीदारी 60 फीसदी है। इसके अलावा एक अहम मसला है कृषि क्षेत्र का कमजोर प्रदर्शन। पहली तिमाही में 3.5 फीसदी की रफ्तार दिखाने वाला कृषि क्षेत्र दूसरी तिमाही में 1.2 फीसदी की बढ़ोतरी ही दर्ज करा सका। सबसे बड़ी बात यह है कि साल के अगले हिस्से में भी इस क्षेत्र में बढ़ोतरी की अच्छी संभावना नहीं दिख रही, जिसका असर ग्रामीण क्षेत्र की मांग पर पड़ सकता है। मगर इन चुनौतियों के बावजूद देश की इकॉनमी पूरी दुनिया की उम्मीद का आधार बनी हुई है। उसके पीछे एक बडा फैक्टर है टैक्स कलेक्शन के मजबूत आंकड़े। ध्यान देने की बात यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में भारत सरकार ने वित्त घाटे में राजस्व घाटे का हिस्सा कम कर लिया है। सीधे शब्दों में इसका मतलब यह है कि कर्ज का बड़ा हिस्सा निवेश में लग रहा है। इसके अलावा घरेलू बचत के स्वरूप में भी बदलाव देखा जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में म्युचुअल फंड में निवेश तेजी से बढ़ा है। खासकर 2021-22 में इसमें ढाई गुना बढ़ोतरी देखी गई और उसके अगले साल यानी 2022-23 में 12 फीसदी की वृद्धि हुई। साफ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगर दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई इकॉनमी है और इसे वैश्विक तौर पर ब्राइट स्पॉट माना जा रहा है तो यह स्थिति तुरंत बदलने वाली नहीं है। रिजर्व बैंक सालाना जीडीपी के अनुमान में बदलाव लाता है या नहीं, यह देखना होगा। लेकिन कई स्वतंत्र विश्लेषक ऐसे संशोधित अनुमान पेश कर चुके हैं। मसलन, बार्कलेज ने इसे 6.3 से बदलकर 6.7 कर दिया है। मगर 6.3 फीसदी की अनुमानित विकास दर के साथ भी भारत आईएमएफ के अक्टूबर में जारी वर्ल्ड इकॉनमिक आउटलुक प्रोजेक्शन में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में शामिल था। जाहिर है, कोई अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव नहीं हुआ तो भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की उम्मीद बनी रहेगी।

> “ ध्यान देने की बात यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में भारत सरकार ने वित्त घाटे में राजस्व घाटे का हिस्सा कम कर लिया है। सीधे शब्दों में इसका मतलब यह है कि कर्ज का बड़ा हिस्सा निवेश में लग रहा है। इसके अलावा घरेलू बचत के स्वरूप में भी बदलाव देखा जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में म्युचुअल फंड में निवेश तेजी से बढ़ा है।

## न्यायपालिका के समक्ष चुनौतियां

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्च न्यायपालिका में नियुक्ति के लिए अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के जरिए जजों की बहाली का सुझाव दिया तो उनके सामने ही देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि उन्हें न्यायालय का दरवाजा खटखटाने से डरना नहीं चाहिए क्योंकि अदालतें आम लोगों के लिए ही हैं। देश की प्रथम नागरिक और चीफ जस्टिस दोनों की बातें सुनने में बहुत अच्छी लग रही हैं। लेकिन क्या सचमुच प्रतियोगिता परीक्षाओं के जरिए जजों की नियुक्ति से न्यायपालिका की समस्याएं या उसकी चुनौतियों का समाधान हो जाएगा? और क्या आम नागरिकों के न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने से उनको न्याय मिलना सुनिश्चित हो जाएगा? इन दोनों पहलुओं पर विचार करने की जरूरत है। महामहिम राष्ट्रपति ने जो कहा उससे पहली नजर में ऐसा लग रहा है कि अगर अखिल भारतीय न्यायिक सेवा के जरिए जजों की नियुक्ति होगी तो उच्च न्यायपालिका में विविधता सुनिश्चित होगी और ज्यादा प्रतिभाशाली लोग न्यायिक सेवा में आएंगे। लेकिन असल में ऐसा होने की कोई गारंटी नहीं है। उलटे जजों की नियुक्ति की मौजूदा व्यवस्था से छेड़छाड़ से न्यायिक सेवाओं की गुणवत्ता पर नकारात्मक असर भी हो सकता है। ध्यान रहे निचली अदालतों में न्यायिक सेवाओं के जरिए मजिस्ट्रेट की बहाली होती है लेकिन उच्च अदालतों में जज बनने के लिए बार से ज्यादा सिफारिशें की जाती हैं। अगर हाई कोर्ट्स में न्यायिक सेवा के जरिए बहाली होगी तो संभव है कि दुनिया के अच्छे संस्थानों से पढ़ कर आए और अच्छी प्रैक्टिस कर रहे वकील परीक्षा में हिस्सा न लें। मौजूदा व्यवस्था में अच्छे वकीलों की सहमति लेकर उनके नाम कॉलेजियम की ओर से नियुक्ति के लिए भेजे जाते हैं। इस व्यवस्था में भी कई कमियां हैं, लेकिन उन्हें सुधार कर इसे बेहतर किया जा सकता है। इसी तरह नागरिकों को न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने की सलाह देना अच्छी बात है लेकिन न्याय सुनिश्चित करना उतना आसान नहीं है। देश भर की अदालतों में करीब साढ़े चार करोड़ मुकदमे लम्बित हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक 70 लाख केस ऐसे हैं, जो पांच से 10 साल की अवधि के हैं तो 32 लाख से ज्यादा केस 10 से 20 साल पुराने हैं। पांच लाख केस 20 से 30 साल पुराने हैं और 30 साल से ज्यादा समय से लम्बित मुकदमों की संख्या भी करीब एक लाख है। तभी सवाल है कि अगर मुकदमों का निपटारा समयबद्ध तरीके से नहीं होता है तो नागरिकों के अदालत का दरवाजा खटखटाने का कोई मतलब नहीं रह जाएगा। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अब भी लोग न्यायालय का दरवाजा खटखटा रहे हैं। अकेले अक्टूबर के महीने में देश भर की अदालतों में 16 लाख से ज्यादा मामले पहुंचे। तभी सर्वोच्च अदालत और सरकार दोनों को मिल कर ऐसी व्यवस्था बनानी होगी कि अदालतों में पहुंचने वाले मुकदमों का समयबद्ध निपटारा हो। इसके लिए जजों की नियुक्ति और बुनियादी ढांचे का विकास दोनों जरूरी है।

## खड़गे क्या यूपी से चुनाव लड़ सकते हैं?

मल्लिकार्जुन खड़गे के जीवन पर आई किताब के विमोचन समारोह के आयोजन के बाद यह चर्चा तेज हो गई है कि मल्लिकार्जुन खड़गे को कांग्रेस उत्तर भारत के किसी राज्य से चुनाव लड़ा सकती है। वे कर्नाटक के रहने वाले हैं। वे नौ बार लगातार कर्नाटक विधानसभा के सदस्य रहे और उसके बाद 2009 और 2014 में गुलबर्गा सीट से लोकसभा का चुनाव भी जीते। वे अपने जीवन में पहली बार 2019 में चुनाव हारे। उसके बाद पार्टी ने उनको राज्यसभा में भेजा। अभी वे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं इसलिए वे देश के किसी भी राज्य में जाकर लोकसभा का चुनाव लड़ेंगे तो उन पर सवाल नहीं उठेगा। तभी इस बात की चर्चा है कि उनको उत्तर प्रदेश से लोकसभा का चुनाव लड़ाया जा सकता है। कांग्रेस के जानकार सूत्रों का कहना है कि अगर बहुजन समाज पार्टी से कांग्रेस की बात नहीं बनती है तो खड़गे को उत्तर प्रदेश में प्रत्याशी बनाया जा सकता है। उनके लिए एक सुरक्षित सीट की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि बहराइच और बाराबंकी में से किसी सीट से उनको लड़ाने पर विचार हो रहा है। इससे कांग्रेस को उत्तर प्रदेश सहित पूरे उत्तर भारत में दलित वोट में मैसेज बनाने में कामयाबी मिली। यह मैसेज बनेगा कि कांग्रेस दलित प्रधानमंत्री बना सकती है। हालांकि कर्नाटक के कई नेता इसके पक्ष में नहीं बताए जा रहे हैं क्योंकि उनको लग रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के अपने गृह राज्य से लड़ाना चाहिए क्योंकि उससे पार्टी को फायदा होगा।

> “ अगले कुछ हफ्तों-महीनों में बीस हजार के करीब लोग और मारे गए। जहरीली गैस ने इनमें से किसी की आंख, किसी की किडनी, तो किसी का लीवर खराब कर दिया था। फेफड़ों पर तो सभी के असर पड़ा ही था। लगभग नौ लाख की आबादी वाले शहर में इतनी मौतों का मतलब है कि यह हादसा हर घर पर आपदा बनकर टूटा था।

# भोपाल का वह मृत्युनाद!

शशि शेखर

वर्ष-1984, तारीख- 2/3 दिसंबर की रात। स्थान- वाराणसी। काशी हिंदू विश्वविद्यालय से एक सादगी भरी बारात डीजल रेल इंजन कारखाना के अतिथि-गृह में पहुंचती है। काशी उन दिनों अपने अकादमिक तेवर के लिए जानी जाती थी। विश्वविद्यालय के प्राध्यापक एवं वाइस चांसलर किसी नेता, अधिकारी या रसूख वाले के मुकाबले ज्यादा आकर्षण का केंद्र होते थे। बारात के आगे-आगे तीनों विश्वविद्यालयों के कुलपति, रजिस्ट्रार, दर्जनों प्राध्यापक, संस्कृतिकर्मी और पत्रकार चल रहे थे। इस नाते यह बारात अभूतपूर्व थी।

बैंड भी पीएसी का था, जिसे सिर्फ पारंपरिक और शालीन धुनें बजाने की इजाजत थी। आज की बारातों के हो-हल्ले से मुकाबला करें, तो वह बारात जैसे तीनों विश्वविद्यालयों की अकादमिक परिषदों और उनके अंतेवासियों का अनुशासित जुलूस प्रतीत होगी।

बारात के पार्श्व में कार में सवार दूल्हे की ओर किसी का ध्यान नहीं था। वजह? दूल्हे ने घोड़ी पर चढ़ने और तलवार बांधने से इनकार कर दिया था। दुल्हन के दरवाजे पर बारात पहुंचने के बाद दूल्हा अड़ा हुआ था कि अनावश्यक आडंबरों को परंपरा के नाम पर न थोपा जाए और वैवाहिक रस्में संक्षेप में निपटाकर लोगों को आपस में घुलने-मिलने का अवसर दिया जाए। पूर्वी उत्तर प्रदेश में, जहां शादियां लगभग सारी रात चलती हों, वहां द्वारचार और फेरे सिर्फ डेढ़ घंटे में संपन्न हो गए थे। भोजन की टेबल पर दूल्हे के एक मित्र ने उसके कान में फुसफुसाया, 'आज तुम्हारी वजह से मुझे अपना भोपाल दौरा रद्द करना पड़ा। अब मैं कल जाऊंगा।'

***वह कल कभी नहीं आया। क्यों?***

जिस समय बाराती भोजन कर 'पान-पत्ता जमा' रहे थे, उसी समय भोपाल की हवा अपनी तासीर बदल रही थी। 'यूनियन कार्बाइड कॉरपोरेशन' की भोपाल स्थित कीटनाशक बनाने वाली कंपनी से करीब 45 टन खतरनाक 'मिथाइल आइसोसाइनेट गैस' का रिसाव शुरू हो चुका था। नतीजतन, सोते या ऊंघते लोगों की आंखों में पहले जलन हुई और फिर फेफड़ों ने जवाब देना शुरू कर दिया। उनकी खांसी रोके नहीं रुक रही थी। शुरुआती लम्हों में वे इस तथ्य तक पहुंचने में नाकाम थे कि उनकी हर सांस के साथ हवा उनके फेफड़ों को बेदम क्यों करती जा रही है? हांफते-कांपते और एक-एक सांस के लिए मोहताज लोगों की भीड़ सड़कों पर बदहवासी की हालत में उतर आई थी। जिसे जिधर सूझ रहा था, उधर भाग रहा था। इस बेबस भीड़ में बहुत से ऐसे थे, जिन्होंने ठीक से कपड़े तक नहीं पहने थे या लगभग प्राकृतिक अवस्था में थे। जब जान पर बन आई हो, तो शर्म पीछे छूट जाती है।

उस दिन जो हुआ, वह सरकार और बहुराष्ट्रीय कंपनियों की बेशर्म सांठ-गांठ का नतीजा था। सरोवरों की नगरी भोपाल के अगले कुछ साल असीम वेदना और कष्ट के थे। इस हादसे ने साढ़े तीन हजार से अधिक लोगों की तत्काल बलि ले ली, पर मौत का मातमी खेल रुकने वाला नहीं था। अगले कुछ हफ्तों-महीनों में बीस हजार के करीब लोग और मारे गए। जहरीली गैस ने इनमें से किसी की आंख, किसी की किडनी, तो किसी का लीवर खराब कर दिया था। फेफड़ों पर तो सभी



के असर पड़ा ही था। लगभग नौ लाख की आबादी वाले शहर में इतनी मौतों का मतलब है कि यह हादसा हर घर पर आपदा बनकर टूटा था। यह सवाल मैंने तब भी इसी 'आजकल' के जरिये पूछा था कि सरकार बहुराष्ट्रीय कंपनी 'यूनियन कार्बाइड' पर अपेक्षा के अनुरूप सख्ती क्यों नहीं कर रही है? भारतीयों की जिंदगी का कोई मोल है कि नहीं?

भोपाल के सत्ता-सदन में उस समय अर्जुन सिंह विराजमान थे। उसी साल 31 अक्तूबर को इंदिरा गांधी की हत्या के बाद राजीव गांधी ने सत्ता संभाली थी, पर वह नए थे। देश लोकसभा के चुनाव और इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति के सन्निपात में था। ऐसे में, अर्जुन सिंह से उम्मीद की जाती थी कि वह आशा के अनुरूप सख्ती बरतें। बाद में जांच समिति ने भी कहा कि कार्मिकों की कमी की वजह से यूनियन कार्बाइड की फैक्टरी में रखरखाव में कोताही बरती गई। यही वजह थी कि गैस रिसाव रोकने के लिए जो छह स्तरीय व्यवस्था थी, वह कारगर साबित नहीं हुई।

कमाल देखिए, कंपनी का सीईओ वारेन एंडरसन दुर्घटना के चार दिन बाद भोपाल आया था। उसे नजरबंद भी किया गया, मगर हिरासत में रखने के बजाय पहले विशेष विमान से भोपाल और फिर देश छोड़ने की इजाजत दे दी गई। ऐसा क्यों हुआ? किसके इशारे पर हुआ? हिन्दुस्तानियों को तिलचट्टों की तरह मारने वालों के साथ ऐसा सुलूक हर संवेदनशील देशप्रेमी के दिल पर आघात पहुंचा गया था, लेकिन राजनीति संवेदनाओं से नहीं, शिगूफों से चला करती है।

राजीव गांधी ने वह लोकसभा चुनाव 414 सीटों के अभूतपूर्व बहुमत के साथ जीता था। अगले वर्ष मध्य प्रदेश विधानसभा के चुनाव हुए। अर्जुन सिंह की अगुवाई में कांग्रेस ने एक बार फिर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर ली थी। मतलब साफ है, 'भोपाल गैस कांड' राष्ट्रीय तो क्या, क्षेत्रीय मुद्दा तक नहीं बन सका था।

उधर, पीड़ित न्याय की गुहार लगा रहे थे। कुछ जुझारू पत्रकार और इंसाफपसंद लोग उनके साथ खड़े थे। थका देने वाली लंबी कानूनी लड़ाई के बाद दिसंबर 2021 तक 5,74,393 लोगों में 3,066.63 करोड़ रुपये की राशि बतौर मुआवजा वितरित की जा सकी थी। इंसानी जान और जज्बात अमूल्य होते हैं। आने वाली नस्लें यकीनन हतप्रभ भाव से पूछेंगी, '37 साल लंबी लड़ाई और नतीजा सिर्फ इतना!

रही बात वारेन एंडरसन की, तो उसने फिर कभी भारत की ओर मुड़कर नहीं देखा। नई दिल्ली और भोपाल में सरकारें बदलती रहीं और उनके साथ कागजी कार्रवाइयों का चेहरा-मोहरा भी नया रंग-रूप लेता रहा, लेकिन एंडरसन का प्रत्यर्पण कोई नहीं करा सका। सितंबर 2014 में 92 वर्ष की अवस्था में उसकी मौत के साथ इस प्रकरण पर पूर्ण विराम लग गया।

भोपाल गैस त्रासदी भी बाद के सालों में खबरों और विचारों से गायब हो गई। वह तो भला हो ओटीटी पर आई एक सीरीज का। उसने इस त्रासदी की ओर एक बार फिर सबका ध्यान खींचा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि 2 दिसंबर, 1984 से लेकर आज तक हमारे देश ने तरक्की और मजबूती की बड़ी यात्रा तय की है, पर भोपाल जैसे हादसे बताते हैं कि हमें हर देशवासी की जान को मुल्क की अमानत मानना अभी सीखना शेष है।

***अंत में इस आलेख की शुरुआती पंक्तियों की बात।***

आप सोच रहे होंगे कि मैंने उस बारात का जिक्र क्यों किया था? बता दूं, कि उस बारात का दूल्हा मैं ही था और तब से अब तक मैं और मेरी पत्नी जब भी एक-दूसरे को वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई देते हैं, तो दोनों के मन में कांटे की तरह भोपाल का विषाद कहीं न कहीं चुभन पैदा कर रहा होता है। मेरे मित्र, जो विवाह में शामिल होने की वजह से भोपाल जाने से रह गए थे, वह आज भी वाराणसी में रहते हैं। उन्हें जब उस रात की याद आती है, तो उनकेचेहरे पर एक स्याह परत पल भर को बिछ जाती है।

# फिल्म बनाने वालों के लिए नई चुनौतियों का अंबार

स्वानंद केलकर, आर्थिक सलाहकार

व्यवसाय प्रबंधन गुरु माइकल पोर्टर का एक मॉडल है फाइव फोर्सेज, जिसका उपयोग कंपनी या उद्योग के आपूर्तिकर्ताओं और खरीदारों की ताकत जानने के लिए होता है। भारत में मनोरंजन सामग्री बनाने वाले उद्योग को भी इस मॉडल पर कसा जा सकता है। यह जरूरी भी है, क्योंकि यह उद्योग बड़े बदलावों से गुजर रहा है।

कुछ साल पहले तक यह कारोबार दो हिस्सों में बंटा था- बड़ा परदा, यानी फिल्में बनाना, और दूसरा, छोटा परदा, यानी टीवी धारावाहिक, रियलिटी शोज आदि तैयार करना। पहले निर्माताओं की संख्या सीमित थी और उनके पास इन दोनों के अलावा विकल्प नहीं था। मगर अब ओटीटी प्लेटफॉर्म से लेकर सोशल मीडिया के लिए छोटे प्रारूप में सामग्री बनाने तक इसका विस्तार हो चुका है।

बेशक इस बदलाव को बखूबी समझा जा रहा है, पर निर्माताओं के एक वर्ग के लिए हालात मुश्किल हैं। एक फिल्म अमूमन तीन तरह से कमाई करती है- सिनेमा हॉल से, टीवी चैनलों को सैटेलाइट अधिकार बेचकर और ओटीटी प्लेटफॉर्म को डिजिटल अधिकार देकर। आज इन खरीदारों के बीच अभूतपूर्व संगम दिख रहा है, जिससे सौदेबाजी की उनकी ताकत बढ़ने लगी है।

शुरुआत सिनेमा हॉल से होने वाली कमाई से करते हैं। दो सबसे बड़ी मल्टीप्लेक्स शृंखला पीवीआर और आईनॉक्स के विलय के बाद हिंदी फिल्मों के समग्र बॉक्स ऑफिस बाजार पर इनकी संयुक्त हिस्सेदारी 43 फीसदी हो गई है। इसका अर्थ है कि फिल्म स्क्रीनिंग के लिए प्राइम स्लॉट पाने की जंग बढ़ सकती है, और मल्टीप्लेक्स कम भुगतान करने या अन्य सहायक सेवाओं के लिए फिल्म-निर्माताओं को अधिक शुल्क देने के लिए मजबूर कर सकते हैं। इसका खामियाजा छोटे व स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं को भुगतना पड़ सकता है।

सैटेलाइट कमाई की कहानी भी इससे



अलग नहीं है। फिलहाल चार बड़े खिलाड़ी मैदान में हैं- जी एंटरटेनमेंट, सोनी इंडिया, वायकॉम18 और डिज्नी स्टार। हालांकि, हम नहीं जानते कि कौन-किसके साथ जाने वाला है, पर यह तय है कि दो खिलाड़ी अन्य दो में विलय करने वाले हैं, जिसके बाद कुल दो खिलाड़ी ही मुकाबले में रहेंगे। इससे सौदेबाजी की शक्ति इन्हीं खिलाड़ियों के हाथों में रहेगी, जिससे खासकर छोटे व स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं को नुकसान हो सकता है।

रही बात डिजिटल अधिकारों से होने वाली कमाई की, तो कोरोना-महामारी के दौरान निस्संदेह ओटीटी प्लेटफॉर्म फिल्म निर्माताओं की कमाई का महत्वपूर्ण स्रोत बन गए, क्योंकि लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन सामग्री देखने वालों की संख्या में भारी इजाफा हुआ। इसी वजह से इन प्लेटफॉर्म ने दर्शकों की मांग को पूरा करने के लिए नई सामग्रियों में अपना निवेश बढ़ाया, मगर बाद में हालात बदल गए। जैसे, कोविड प्रतिबंधों के हटने के बाद से अधिकांश प्लेटफॉर्म पर दर्शकों की संख्या प्रभावित हुई है। इससे भी खास बात यह है कि वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में काफी वृद्धि हुई है। लिहाजा यह आश्चर्य नहीं कि नेटफ्लिक्स, जो कभी पांच प्रमुख अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयर को बताने वाले 'फैंग' का हिस्सा था, अब इस समूह से बाहर हो गया है। साल 2021 में हुई 52 फीसदी की भारी वृद्धि के बाद 2022 में सामग्रियों पर नेटफ्लिक्स के खर्च में 11 फीसदी की गिरावट आई है, जिसके 2023 में भी बने रहने का अनुमान है। यह संकेत है कि आने वाले दिनों में ओटीटी प्लेटफॉर्म खर्च करने में कंजूसी कर सकते हैं और दर्शकों को जोड़े रखने के लिए वे बड़े बैनरों या निर्माताओं पर भरोसा करेंगे। जाहिर है, यह स्थिति भी छोटे व स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं के लिए प्रतिकूल होगी।

स्पष्ट है, भारत में कंटेंट-निर्माण के क्षेत्र में आ रहे इस बदलाव के कारण छोटे व स्वतंत्र फिल्म निर्माताओं का पलायन हो सकता है, या उन्हें बड़े निवेशकों की तलाश करनी पड़ सकती है। शहर, गांव में कंटेंट निर्माण में लगे तमाम लोगों के लिए चुनौतियां बहुत बढ़ जाएंगी। इस बदलाव का एक प्रभाव फिल्म-निर्माण की पूरी शृंखला पर पड़ सकता है। अभिनेताओं को भुगतान करने से लेकर प्रचार-प्रसार, विज्ञापन, सिनेमा हॉल के टिकट आदि सबकी कीमतें प्रभावित हो सकती हैं। यह नया संतुलन कैसा रूप लेगा, यह कहना तो अभी कठिन है, पर ऐसे बदलावों का विश्लेषण करते रहना जरूरी है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# राज्यपालों की भूमिका पर विचार जरूरी

अजीत द्विवेदी

इन दिनों राजनीति में इस्तेमाल किए जा रहे मुहावरे के हिसाब से कहें तो आजादी के 75 साल में ऐसा कभी नहीं हुआ कि राज्यपालों के ऊपर सर्वोच्च अदालत को इतनी सख्त टिप्पणियां करनी पड़े, जितनी अभी करनी पड़ रही है। आजादी के बाद कई बार राज्यपालों की भूमिका पर सवाल उठे हैं लेकिन ऐसा कभी नहीं हुआ कि सांस्थायिक रूप से राज्यपाल राज्य सरकारों के कामकाज में दखल दें, विधेयक रोकें, सरकारों पर गैर जिम्मेदाराना टिप्पणी करें और समानांतर सरकार चलाने की कोशिश करें। राज्यपालों के ऐसे आचरण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कई बार बेहद तीखी टिप्पणियां की हैं। लेकिन ऐसा लग रहा है कि न राज्यपालों पर इसका असर पड़ र है और न केंद्र सरकार इस पर ध्यान दे रही है। उलटे ऐसा लग रहा है कि सरकार भी चाहती है कि वे ऐसा ही आचरण करें। यह दुर्भाग्य है कि राज्यपालों ने राजभवनों को समानांतर सरकार चलाने का केंद्र बना दिया है। ऐसा सिर्फ उन्हीं राज्यों में हो रहा है, जहां विपक्षी पार्टियों की सरकारें हैं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता है कि राज्यपालों को अचानक संविधान से मिले अपने अधिकारों की याद आ गई है और वे अपने को वास्तविक शासन प्रमुख समझने लगे हैं। जहां भाजपा की सरकार है वहां ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। इसका यह मतलब नहीं है कि भाजपा की सारी सरकारें बहुत बढ़िया और संविधान सम्मत तरीके से काम कर रही हैं, जबकि विपक्षी पार्टियों की सरकारें संविधान के प्रति सम्मान नहीं दिखा रही हैं।



ऐसा लग रहा है कि पानी सर के ऊपर से निकलने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले के स्थायी समाधान का फैसला सुनाया है। सर्वोच्च अदालत ने दो टूक अंदाज में कहा है कि राज्यपाल कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को बदलने का प्रयास नहीं कर सकते हैं। यह बहुत बड़ा फैसला है। इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने इस मामले को इतनी गंभीरता से नहीं लिया था। लेकिन एक के बाद एक तीन राज्यों- केरल, तमिलनाडु और पंजाब के एक जैसे मामले कोर्ट में आने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने विस्तार से सुनवाई की और फैसला सुनाया। सर्वोच्च अदालत ने सिर्फ यह आदेश नहीं दिया कि राज्यपाल लंबित विधेयकों को जल्दी से जल्दी क्लीयर करें, बल्कि यह कहा है कि विधानसभा से पास विधेयकों को रोकने से कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया प्रभावित होती है।

ध्यान रहे कानून बनाने का अधिकार संसद और राज्यों की विधानसभाओं को है। अगर किसी राज्य की विधानसभा ने कोई विधेयक पास किया है तो राज्यपाल उसे रोक कर कानून निर्माण की प्रक्रिया को बाधित करते हैं। इसका सबसे बड़ा खतरा यह है कि इससे संघवाद का सिद्धांत प्रभावित होगा। केंद्र में जिसकी सरकार होगी वह राज्यपाल के जरिए राज्य सरकारों के बनाए कानून को रोकता रहेगा। तभी अदालत ने संविधान के अनुच्छेद दो सौ का हवाला देते हुए कहा कि उसमें निश्चित रूप से यह नहीं लिखा गया है कि राज्यपाल कितने समय में किसी विधेयक को मंजूरी दें लेकिन यह जरूर लिखा है कि 'जल्दी से जल्दी मंजूरी दें'। इसका मतलब है कि संविधान बनाने वालों की भावना यह रही है कि विधानसभा से पास होने के बाद जब विधेयक राज्यपाल के पास जाए तो वे उसे तुरंत मंजूरी दे। अगर उनको लगता है कि विधेयक में कुछ सुधार किया जाना चाहिए तो उसे वे तुरंत विधानसभा को लौटा दें। दूसरी बार विधेयक भेजे जाने के बाद राज्यपाल के लिए उसे मंजूरी देना अनिवार्य होता है। लेकिन वह मंजूरी भी जल्दी से जल्दी हो जानी चाहिए। अदालत ने साफ किया है कि राज्यपाल किसी विधेयक को अनंतकाल तक नहीं लटका सकते हैं। उन्हें विधानसभाओं के बनाए कानून को वीटो करने का अधिकार नहीं है।

सवाल है कि क्या राज्यपालों को इस टिप्पणी के बाद कुछ शरम आएगी और क्या वे उसी अंदाज में काम करेंगे, जैसे भाजपा के शासन वाले राज्यों में राज्यपाल कर रहे हैं? इसकी उम्मीद कम है और इसके कई कारण हैं। पहला कारण तो यह है कि भाजपा और उसकी विरोधी पार्टियों के बीच विभाजन इतना ज्यादा हो गया है कि भाजपा जहां भी विपक्ष में है वहां उसे सरकार के हर काम का विरोध करना है। और चूंकि संगठन के तौर पर भाजपा भले दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है लेकिन हकीकत यह है कि जहां भी वह विपक्ष में है वहां वह सत्तारूढ़ दल के खिलाफ नहीं लड़ पा रही है। बतौर विपक्ष भाजपा कोई भी आंदोलन खड़ा नहीं कर पा रही है और न राजनीतिक लड़ाई लड़ पा रही है। तभी राजभवनों को लड़ाई का हथियार बनाया गया है। ऐसा लगता है कि जहां भी भाजपा विपक्ष में है वहां विपक्ष की लड़ाई राजभवन लड़ रहे हैं। पश्चिम बंगाल से लेकर केरल और तमिलनाडु से लेकर पंजाब और दिल्ली तक हर जगह राज्यपाल ही मुख्य विपक्ष दल के तौर पर लड़ते दिखते हैं। हर बात के लिए वे सरकार को कठघरे में खड़ा करते हैं। उनकी लड़ाई अब सिर्फ विधेयक रोकने या विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि कानून व्यवस्था से लेकर करप्शन तक के मसले पर राज्यपाल बयानबाजी करते हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reastaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### नगरी विकासखंड के स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण डीएमसी ने किया

**नगरी।** विगत दिनों 1 दिसंबर 2023 को विकासखंड नगरी के प्राथमिक शाला/माध्यमिक शाला देवगांव,उमरगांव, सांकरा,बेलर गांव ,का सूर्यवंशी डीएमसी धमतरी, एन के साहू एपीसी धमतरी, रामू लाल साहू बीआरसी नगरी द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पीएम स्कूल नवागांव में विभिन्न मद के स्वीकृत राशि का सही समय पर उपयोग करने हेतु दिशा निर्देश दिया गया। पूर्व व्यावसायिक शिक्षा में प्राप्त राशि से व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों द्वारा छात्र-छात्राओं को समय सीमा प्रशिक्षण देकर उपयोगिता प्रमाण पत्र तथा वीडियो बनाकर जानकारी जमा करने कहा गया। सभी स्कूल में छैं माही परीक्षा हेतु कोर्स पूरा करने के निर्देश भी दिए गए। सभी बच्चों को कक्षा स्तर में लाने हेतु निर्देशित डीएमसी महोदय द्वारा दिया गया। उक्त अवसर पर समन्वयक दिनेश ताम्रकार, एस0 कुमार ध्रुव, शिक्षक कंचन साहू मौजूद रहे। उक्त आशय की जानकारी प्रधान पाठक के0 पी0 साहू ने दी है।

### शाला गांधी विद्या मंदिर में मनाया गया विश्व एड्स दिवस

**दल्लीराजहरा।** शाला गांधी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 01 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस पर शाला में एड्स नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम रखा गया था । जिसमें सर्वप्रथम शाला के शिक्षकों द्वारा छात्रों को एड्स से संबंधित जानकारियां दी जैसे कि एड्स होने के कारण , उनका स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव एवं एड्स से सुरक्षा एवं सावधानीयां कैसे रखी जा सकती है । तत्पश्चात जागरूकता बढ़ाने हेतु छात्रों द्वारा एड्स नियंत्रण सिम्बाल ( लोगो ) का निर्माण मानव श्रृंखला स्थापित करके बनाया गया और देश दुनिया को इस मानव श्रृंखला के माध्यम से एड्स नियंत्रण का संदेश दिया । इस कार्यक्रम के सफल संचालन में शाला के शिक्षक प्रदीप बंसोड़े , प्राचार्या मंजू गुप्ता, शीतल साहू, कु. देवी रंगारी, कु. दिनेश्वरी साहू, श्रीमती बी. के. सार्वा, युवराज साहू, पूजा साहू, और सागर जायसवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### विविध कार्यक्रमों से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया

**सुकमा।** विश्व एड्स दिवस आज शुक्रवार को जिले में विभिन्न कार्यक्रम के माध्यमों से लोगों को एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक किया गया। शासकीय शहीद बापूराव पीजी कॉलेज सुकमा में एचआईवी एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने निबंध लेखन, पोस्टर, रंगोली, भाषण आदि जागरूकता हेतु प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को नगद राशि, प्रमाण पत्र, मोमेंटो से पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में एचआईवी की रोकथाम नियंत्रण सुरक्षा आदि के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। इसके अलावा आज विश्व एड्स दिवस पर बालिका पोटाकेबिन सुकमा के छात्राओं द्वारा जिला चिकित्सालय सुकमा से एचआईवी एड्स की जागरूकता रैली निकाली गई और आई टी आई के छात्र छात्राओं ने कुर्सी दौड़, चित्रकला, रंगोली, प्रश्नोतरी आदि जागरूकता हेतु प्रतियोगिता में हिस्सा लिया गया । इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. सी. एल. पाटले,राजेश सोलंकी जिला कार्यक्रम अधिकारी पीरामल स्वास्थ्य तथा महाविद्यालय प्राध्यापक अतिथि व्याख्याता एवं छात्र छात्र उपस्थित थे।

### साथी परियोजना की रणनीति तैयार करने छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ़कामर्स ने की राज्य स्तरीय बैठक

# चेंबर जल्द ही प्रत्येक जिले से सदस्य नामित कर सूची संचालक अनुसंधान सेवाएं, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को सौंपेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव,राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज दिनांक 01-12-2023 को राज्यस्तरीय साथी परियोजना का क्रियान्वयन प्रारंभ करने के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण वर्चुवल बैठक दोपहर 3:00 बजे आहुत की गयी।

बैठक में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी जी एवं छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के समस्त जिलों के प्रमुख पदाधिकारी गण एवं डॉ विवेक त्रिपाठी इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, डॉक्टर गजेंद्र चंद्राकर, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं नोडल ऑफिसर साथी प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर, संजय सिंह छत्तीसगढ़ राज्य प्रमुख नाफेड, मनीष शाह नेशनल कोऑर्डिनेटर फीफ साथी टेक्नोप्रनर प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली, अनुराग लाल स्टेट हेड छत्तीसगढ़ फीफ साथी टेक्नो फ्रून्स, डॉक्टर अनुराग तोमर दिन कृषि महाविद्यालय महासमुंद, छत्तीसगढ राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड के अधिकारी प्रमुख रूप से शामिल हुये।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी जी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि देश के कृषकों की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से साथी परियोजना संपूर्ण छत्तीसगढ़ में केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से प्रारम्भ की गई है। योजनान्तर्गत राज्य के प्रत्येक जिले मे तीन से पॉच एकड़ भूमि में साथी बाजार स्थापित किये जाएँगे। साथी बाजार के संचालन हेतु 13 जिलों में भूमि चिन्हांकन का कार्य किया जा चुका है। साथी बाजार संचालन हेतु प्रत्येक जिले मे दस हजार महिलाओ का किसान उत्पादक कंपनी का गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से किया जाएगा। प्रत्येक साथी बाजार मे मॉडर्न रिटेल आउटलेट, फूड कोर्ट, एंटरटेनमेन जोन, एग्री मॉल, कृषि सहायता केन्द्र, माइक्रो फाइनेंस, इंन्श्योरेंस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, दराज बाजार, ब्यूटीपार्लर, टेली मेडिसिन सेंटर, जेनरिक मेडिसिन सेंटर, संजीवनी केन्द्र, डेयरी फेडरेशन, प्याज संग्रहण यूनिट, कोल्ड स्टोरेज (5000 मीट्रिक टन), मिनी थियेटर एवं स्थानीय उद्यम तथा अन्य उद्यम छत्तीसगढ चैम्बर ऑफकॉमर्स के सहयोग एवं मार्गदर्शन मे खोले जाएँगे। परियोजना अंतर्गत सभी व्यवसाय प्रारम्भ करने हेतु राज्य के उद्यमियों, स्टार्टअप, स्वसहायता समूह एवं व्यवसायियो को प्राथमिकता दी जाएगी। योजना के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सभी संभागो मे छत्तीसगढ चैम्बर ऑफकॉमर्स के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा जिसकी तिथि की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। श्री परवानी ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर द्वारा जिले के समस्त पदाधिकारियों को उस जिले में स्थापित होने वाले साथी बाजार में व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए जिले में उत्पादित होने वाले प्रमुख उत्पादों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर आवेदन कराने हेतु आग्रह किया। 卐साथी परियोजना卐 के तहत स्थापित किये जाने वाले साथी बाजार विभिन्न तरह के व्यवसाय करने वाले उद्यमियों, व्यवसायियों, स्टार्टअप आदि के लिए स्वर्णिम अवसर है।

जिले में योजना से जुड़ी 10,000 महिलाऐं, उद्यमियों से आवश्यक प्रशिक्षण प्राप्त कर न केवल स्व-रोजगार प्राप्त करेंगी बल्कि उनके माध्यम से उद्यमी भी अपने व्यवसाय को शिखर पर ले जा सकेंगे । बैठक मे यह भी निर्णय लिया गया कि योजना के सफल संचालन के लिए साथी जिला प्रबंधन समिति में छत्तीसगढ चैम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रत्येक जिले से एक सदस्य नामित कर सूची, संचालक अनुसंधान सेवाएं, इंदिरा गॉधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को उपलब्ध कराएगा।

## पैरालीगल वालिंटियर्स ने किया नेशनल लोक अदालत का प्रचार

श्रीकंचनपथ न्यूज




**बेमेतरा।** वर्ष 2023 की अंतिम नेशनल लोक अदालत 16 दिसम्बर को आयोजित होने वाली है। पैरालीगल वालिंटियर्स ने आमजनता के बीच पहुंचकर इसका प्रचार किया। अध्यक्ष व जिला-सत्र न्यायाधीश बृजेंद्र कुमार शास्त्री के निर्देशन में प्राधिकरण के पैरालीगल वालिंटियर्स सोनिया सिंह, टुवेन्द्र सिंह वर्मा, देवेन्द्र कुमार यादव, चंद्रकिशोर सिंह, पवन कुमार साह, चेतन सिंह ने ग्राम जांता, ठेलका, साजा, गुसवा, खंडसरा, थानखम्हरिया एवं कलेक्टोरेट बेमेतरा, जिला सहकारी बैंक बेमेतरा, सोसायटी खिलोरा में लोगों को इसकी जानकारी दी।

उन्होंने लोगों को बताया कि यदि उनके या उनके किसी मित्र, परिजन का कोई राजीनामा योग्य मामला न्यायालय में लंबित हो तो संबंधित न्यायालय में अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर ऐसे मामलों को उभयपक्ष की सहमति से राजीनामा के आधार पर निराकृत करा सकते है। लोक अदालत में निराकृत मामलों के निर्णय अंतिम होते है, उसकी कोई अपील नहीं होती है। न्याय शुल्क यदि लगा हो तो न्यायालय द्वारा उसे वापस प्रदान करने का आदेश दिया जाता है। राजीनामा के आधार पर निराक्त मामलों में उभयपक्ष के मध्य सद्भाव व प्रेम बना रहता है। उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय में लंबित राजीनाम योग्य आपराधिक प्रकरणों, धारा 138, पराकम्य लिखित अधिनियम, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण बैंक रिकवरी प्रकरण, जलकर, संपित्तकर, विद्युत बिल बकाया प्रकरण, सिविल प्रकरण का निराकरण कराया जा सकता है।

## जिला नाजिर अजय त्रिवेदी दी गई विदाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बलौदाबाजार।** संयुक्त जिला कार्यालय में पदस्थ जिला नाजिर अजय त्रिवेदी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद आज शासकीय सेवा से निवृत्त हो गये। सँयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में जिला प्रशासन की ओर से त्रिवेदी को बिदाई दी गई।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार उनके विभिन्न स्वत्वों की स्वीकृति पत्र की प्रति भी सौंपी गई। जिला प्रशासन परिवार की ओर से अपर कलेक्टर बी सी एक्का ने उनका शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया एवं उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। अपर कलेक्टर बीसी एक्का एवं अनुपम तिवारी ने बताया कि तिवारी ने उनके योगदान व उत्कृष्ठ कार्यों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। सेवानिवृत्त त्रिवेदी ने विदाई सम्बोधन में अपनी सेवा काल के महत्वपूर्ण संस्मरण सुनाये और शासकीय सेवाकाल के सफलतापूर्ण संपन्न होने पर सभी सहयोगी अधिकारी व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। तिवारी मूलत राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारी रहे है। राज्य गठन सविलयन के बाद उनकी प्रतिनियुक्ति सन 2008 में राजस्व विभाग में हुई। इस दौरान उन्हें तहसील कार्यालय भाटापारा में सहायक ग्रेड 3 के रूप में हुई।

# संस्कृति, परंपराओं में विविधता होते हुए भी हम एक हैं : राज्यपाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजभवन में शनिवार को असम और नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने इस अवसर पर कहा कि हमारे देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग संस्कृति एवं परंपराए है। इनमे विविधता होते भी हम एक हैं और दुनिया को "वसुधैव कुटुम्बकम्" का संदेश दे रहे है।




केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक दूसरे का स्थापना दिवस मनाते है। इसी कड़ी में राजभवन में असम एवं नागालैंड राज्यों का स्थापना दिवस मनाया गया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर इन राज्यों के लोगों को बधाई दी। अपने उद्बोधन में राज्यपाल ने कहा कि इन दो अद्भुत राज्यों के स्थापना दिवस के अवसर पर, हमारे लिए उनके समृद्ध इतिहास, अद्भुत संस्कृति और उनकी आशाओं और सपनों के बारे में अधिक जानना महत्वपूर्ण है। उन्होंने असम और नागालैंड राज्य की विशेषताओं को रेखांकित किया। असम अपने विविध वन्य जीव और सुंदर ब्रहापुत्र नदी, विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या देवी मंदिर, कांजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान आदि के लिए जाना जाता है। यह राज्य विविध संस्कृतियों का मिलन स्थल है। इसकी एक समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भी है जिसमें संगीत, नृत्य, कला और साहित्य शामिल हैं। यहां के चाय की स्फूर्तिदायक खुशबू पूरी दुनिया में फैली है।

राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि खूबसूरत पहाड़ों के बीच बसे नागालैंड को पूर्व का स्विट्जरलैंड कहा जाता है। जीवंत रंगों और बहादुरी की कहानियों से भरे इस राज्य में जीवन का जश्न मनाने का मन करता है। नागालैंड कई जनजातियों का राज्य है, जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी संस्कृति और परंपराएं हैं। नागा लोगों की ताकत और दृढ़ संकल्प उनकी एकता और सरलता में देखी जा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि असम और नागालैंड अलग-अलग संस्कृति और अतीत वाले दो राज्य हैं। लेकिन दोनों राज्यों के निवासी प्रगति और विकास की समान रूप से आकांक्षा रखते है। इस स्थापना दिवस का जश्न हमारे राष्ट्र के प्रति उनके द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान को याद करने का भी एक अवसर है। कार्यक्रम में असम राज्य के प्रतिनिधि के रूप में रफिकुल मंडल और नागालैंड की प्रतिनिधि श्रीमती रंजना दास ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर असम के बिहु नृत्य सहित दोनों राज्यों के लोकनृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने की। सीआरपीएफ के असमिया जवानों ने बिहु नृत्य कर सभी अतिथियों को भाव विभोर कर दिया। दोनों राज्य के प्रतिनिधियों को राज्यपाल ने राज गमछा पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने भी राज्यपाल को शाल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन राजभवन के उप सचिव दीपक अग्रवाल ने दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो, दोनों राज्यों के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# छात्रावास, आश्रम एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले में संचालित छात्रावास/आश्रम एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आदिम जाति विभाग के राज्य कार्यालय से नियुक्त जिला नोडल उपायुक्त श्री प्रज्ञान सेठ द्वारा निरीक्षण किया गया। श्री प्रज्ञान सेठ द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भोरिंग में निरीक्षण के दौरान विद्यालय में संचालित शिक्षण एवं छात्रावास व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही परीक्षा परिणाम कक्षा 12वीं एवं 10वीं के छात्रों से कैरियर गाइडेंस के संबंध में चर्चा किया गया। बच्चों के शैक्षणिक, मानसिक एवं शारीरिक विकास को ध्यान में रखते हुए उचित प्रबंधन हेतु सभी शिक्षक एवं प्रिंसिपल को निर्देशित किया गया। वर्तमान में एकलव्य विद्यालयों में काउंसलर की नियुक्ति भी की गई है, जिन्हे बच्चों को शिक्षा के मानसिक दबाव को दूर करने एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के संबंध में मानसिक रूप से तैयार करने के लिए भी निर्देशित किया गया।



इसके पश्चात उपायुक्त के द्वारा जिले के अधीक्षकों की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें छात्रावास एवं आश्रमों में उचित प्रबंधन एवं खानपान के संबंध में चर्चा की गई। घर से दूर छात्रावास/ आश्रम में रहकर पढ़ाई करने वाले बच्चों को उचित देखभाल एवं सुरक्षित माहौल दे उन्हें भी अपने भविष्य के जागरूक करते हुए उनके कैरियर गाइडेंस पर जोर देने हेतु निर्देशित किया गया। कन्या छात्रावास/ आश्रम में सुरक्षा के संबंध में नियुक्त महिला सुरक्षा गार्ड के कार्यशैली पर विशेष ध्यान देने कहा गया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले में विभिन्न योजनाओं का संचालन भी किया जाता है, इसके सुचारू क्रियान्वयन एवं सही कार्य के संबंध में समीक्षा की गई। विभागीय निर्माण एवं मरम्मत कार्य के निरीक्षण हेतु आदिवासी पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खैरा में कार्य की गुणवत्ता की जांच की गई एवं मॉडल छात्रावास के रूप में विकसित आदिवासी पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास खैरा का निरीक्षण भी किया गया जहां की व्यवस्था के


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### 5 साल में बदला ट्रेंडः बारहवीं की मेरिट लिस्ट में साइंस का दबदबा कम, अब कॉमर्स वाले ज्यादा

**रायपुर।** एक समय था, जब सीजी बोर्ड की टॉप-10 लिस्ट में साइंस के छात्रों का दबदबा रहता था। लेकिन पिछले पांच वर्षों में ट्रेंड बदला है। मेरिट लिस्ट में अब कॉमर्स वाले छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पिछली बार यानी 2023 की बोर्ड परीक्षा में 35 टापर्स थे, इनमें से 18 कॉमर्स के छात्र थे।

मैथ्स व बायो ग्रुप के 7-7 और आर्ट्स के 2 छात्र थे। जबकि पहले स्थान पर एग्रीकल्चर स्ट्रीम से एक छात्रा थी। आगामी बोर्ड परीक्षा यानी 2024 के लिए प्रैक्टिकल एग्जाम 10 जनवरी से शुरू होंगे, इसकी तारीख तय हो चुकी है। मुख्य परीक्षा मार्च के पहले सप्ताह से शुरू होगी। इसकी समय-सारणी अगले सप्ताह जारी होने की संभावना है। राजधानी समेत राज्य के प्रमुख सरकारी व निजी स्कूलों में बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी की जा रही है।

#### रोजगार की संभावना से कॉमर्स की ओर छात्रों का बढ़ा रुझान

एक्सपर्ट का कहना है कि मैथ्स, साइंस की तरह कॉमर्स के मुख्य विषय जैसे एकाउंट, बिजनेस स्टडीज और इकोनॉमिक्स छात्रों के लिए स्कोरिंग सब्जेक्ट हैं। इसमें छात्र अब शत प्रतिशत अंक हासिल कर रहे हैं। जबकि पहले के वर्षों अपेक्षाकृत छात्र पूरे अंक हासिल नहीं कर पाते थे। वहीं दूसरी ओर टॉप-10 की मेरिट लिस्ट कुछ नंबरों के अंतर से बनती है। ऐसे में कॉमर्स में अच्छा नंबर पाने वाले छात्र इसमें जगह बनाने में कामयाब हो रहे हैं। एक्सपर्ट यह भी कहते हैं पिछले कुछ वर्षों में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए छात्रों का रुझान कॉमर्स की ओर बढ़ा है।

### शिक्षिका ने पढ़ाई की सामग्रियों से बनाया खिलौना संग्रहालय



**रायपुर।** नवाचार सिमगा विकासखंड शासकीय प्राथमिक शाला पौसरी की शिक्षिका भारती वर्मा ने शिक्षा में नवाचार किया है। छत्तीसगढ़ राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा प्रदेश के शालाओं में शैक्षिक गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने और शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए लगातार चर्चा पत्र का प्रकाशन करते आ रहा है।

प्रदेश के स्कूल शिक्षा में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों की जानकारी एजेंडावार प्रकाशित की जाती है। दिसंबर के चर्चा पत्र में भारती के खेल-खिलौना संग्रहालय को एजेंडा 5 अभिनय आधारित शिक्षण के तहत स्थान दिया गया है। शिक्षिका ने स्थानीय अपने शाला के एक कक्ष में पारंपरिक व शैक्षिक उद्देश्यों की पूर्ति करने वाले खेल खिलौनों के संग्रहण कर संग्रहालय का रूप दिया गया है। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति भी खेल-खेल के माध्यम से शिक्षण को बढ़ावा देने की बात करती है। खिलौनों के अलावा अनुपयोगी व कबाड़ से निर्मित शैक्षिक सामग्रियों को सहेजकर संग्रहालय का रूप दिया गया है। यहां पर कक्षा एक से पांच तक के बच्चों को विषय आधारित सहायक सामग्री उपलब्ध है।

#### *देखने के लिए शिक्षक और बच्चे आ रहे*

शिक्षिका ने स्थापित संग्रहालय को देखने के लिए संकुल के साथ-साथ विकासखंड के अन्य शाला के बच्चे व शिक्षक भी आते हैं। अभी हाल ही में अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी के एमए एजुकेशन के छात्र एडिशन, शिवानी और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के समन्वयक आभाष उपाध्याय ने शैक्षिक भ्रमण कर सराहना की। शिक्षिका के इस उपलब्धि पर शाला की प्रधानपाठक पुष्पलता नायक व सहयोगी शिक्षिका लाभाष जांगडे ने बधाई दी है। तिल्दा-नेवरा। संग्रहालय में खिलौना दिखाते हए बच्चे।

# हार्ट अटैक के बाद फट गई थी दिल की दीवाल, मेकाहारा के डॉक्टरों ने बचाई जान

**रायपुर (ए)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के हार्ट, चेस्ट एवं वैस्कुलर सर्जरी विभाग में हार्ट अटैक के कारण दिल में हुए छेद जिसको मेडिकल भाषा में वेन्ट्रीकुलर सेप्टल रफ्चर कहा जाता है, ऐसे मरीज की सफल सर्जरी कर एवं मरीज की जान बचाकर चिकित्सा जगत में नया इतिहास रच दिया गया। यह ऑपरेशन हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत साहू एवं टीम द्वारा किया गया। ऑपरेशन के 15 दिनों बाद मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। हार्ट सर्जन डॉ. कृष्णकांत साहू एवं टीम की इस शानदार सफलता पर अस्पताल अधीक्षक डॉ. एसबीएस नेताम ने बधाई दी है।



डॉ. साहू बताते हैं, कि यह मरीज आज से कुछ माह पहले उनके ओपीडी में छाती में दर्द की शिकायत से पहुंचे। ईसीजी एवं अन्य जांच से पता चला कि उनको हार्ट अटैक आया है एवं उनको एंजियोग्राफी के लिए तत्काल कार्डियोलॉजी विभाग में भेज दिया गया। वहां पर एंजियोग्राफी करने से पता चला कि उनके हृदय की मुख्य कोरोनरी आर्टरी (धमनी) में ब्लाक (रूकावट) है जिसको कार्डियोलाजिस्ट द्वारा एन्जियोप्लास्टी के बाद एक से दो दिन तक मरीज ठीक रहा परन्तु तीसरे ही दिन उसकी सांस फूलने लगी, पेशाब बनना बंद हो गया, बीपी बहुत ही कम हो गया एवं शरीर में पानी भरना प्रांरभ हो गया एवं उसके बाद कार्डियोलॉजिस्ट द्वारा पुनः इकोकार्डियोग्राफी करने पर पता चला कि उनकी दो वेन्ट्रीकल, लेफ्ट और राइट वेन्ट्रीकल के बीच की दीवाल में हार्ट अटैक के कारण बड़ा सा छेद हो गया था। इसी छेद को ही वेन्ट्रीकुलर सेप्टल रफ्चर कहते है। यह छेद इसलिए होता है क्योंकि हार्ट अटैक में हृदय की धमनी में थक्का बनने के कारण रक्त प्रवाह में रूकावट आ जाती है, जिससे हृदय की मांसपेशियों में रक्त नहीं पहुंच पाने के कारण गलना प्रांरभ हो जाता है एवं गली हुई मांसपेशियां हृदय के ब्लड प्रेशर को झेल नहीं पातीं और उस स्थान पर छेद हो जाता है। यदि यही छेद हृदय के बाहरी दीवाल में होता है, तो मरीज की मृत्यु कुछ ही मिनटों में हो जाती है।

इकोकार्डियोग्राफी में पता चला कि यह छेद इतना बड़ा था, कि इसमें कोई भी छेद बंद करने वाली डिवाइस नहीं लग सकती थी इसलिए इस मरीज को हार्ट, चेस्ट और वैस्कुलर सर्जरी विभाग में डॉ. कृष्णकांत साहू के पास रिफर कर दिया गया। डॉ. साहू बताते हैं कि इस मरीज की स्थिति बहुत ही ज्यादा खराब थी। ब्लड प्रेशर 70/40 mmHg एवं आक्सीजन सैचुरेशन 80 प्रतिशत हो रहा था। पेशाब का आना बिल्कुल बंद हो गया था। फेफड़ों में सूजन था (पल्मोनरी एडीमा) था एवं हृदय केवल 20 प्रतिशत कार्य कर रहा थ। ऐसे मरीजों की बचने की संभावना बिल्कुल ना के बराबर होती है। इस स्थिति को एक्युट कार्डियक फेल्योर विद पल्मोनरी एडीमा कहा जाता है।

इस मरीज को आईसीयू में रखकर वेन्टीलेटर एवं दवाईयों के सर्पोट से ब्लड प्रेशर एवं अन्य हीमोडायनेमिक्स को ठीक करने की कोशिश की गई। दवाईयों के प्रांरभ होने से मरीज का ब्ल्ड प्रेशर ठीक हुआ एवं पेशाब आना प्रांरभ हुआ। मरीज के शरीर में लगभग 12 से 13 लीटर पानी जमा हो गया था। वजन 72 किलो से 57 किलो में आ गया। रक्त में क्रिएटिनिन लेवल 7.2mg से 0.8mg आने में लगभग 58 दिन से भी ज्यादा लग गए। डॉ. साहू के मुताबिक, इस प्रकार के अधिकांश मरीज हम तक पहुंच ही नहीं पाते एवं रास्ते में ही दम तोड़ देते है।

#### ऐसे हुआ ऑपरेशन

मरीज एवं उनके रिश्तेदारों को समझा दिया गया था, कि इस प्रकार की बीमारी (वेन्ट्रीकुलर सेप्टल रफ्चर) में बचने की उम्मीद ना के बराबर होती है क्योंकि मरीज का हृदय 20 प्रतिशत ही काम कर रहा था। इस ऑपरेशन में मरीज के हृदय की धड़कन को हार्ट लंग मशीन की सहायता से रोककर बाएं वेन्ट्रीकल को काटकर छेद वाले हिस्से को विशेष प्रकार के कपड़े (जिसको डबल वेल्योर डेक्रान कहा जाता है) से रिपेयर किया गया एवं लेफ्ट वेन्ट्रीकल के मृत दीवाल को काटकर अलग किया गया एवं विशेष तकनीक से लेफ्ट वेन्ट्रीकल की साइज को छोटा किया गया, जिसको वाल्युम रिडक्सन लेफ्ट वेन्ट्रीकुलोप्लास्टी कहा जाता है। आपरेशन के पश्चात् मरीज के हृदय को सर्पोट देने के लिए इंट्रा एओर्टिक बलून पंप लगाया गया। यह मरीज ऑपरेशन के बाद 03 दिनों तक वेन्टीलेटर सपोर्ट में रहा एवं ऑपरेशन के 15 दिनों बाद मरीज को अस्पताल से छुटी दे दी गयी। डिस्चार्ज के समय मरीज एवं उनके रिश्तेदारों की आंखों में खुशी के आंसू थे, क्योंकि ऑपरेशन के पहले ही उनको बता दिया गया था कि ऐसी बीमारी वाले मरीज ऑपरेशन के बाद भी नहीं बच पाते। उनके रिश्तेदारों का कहना था कि हमें आपके हार्ट सर्जरी विभाग के डॉक्टरों पर बहुत विश्वास था और है क्योंकि मरीज सिंचाई विभाग में शासकीय सेवा में कार्यरत् है। तो हम कोई भी बड़े से बड़े अस्पताल जा सकते थे लेकिन हमको विश्वास यहां के डॉक्टरों पर ज्यादा था।

# एड्स जागरुकता के लिए आत्मानंद स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बनाई मानव श्रृंखला

**रायपुर।** एड्स दिवस पर 1 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय रायखेड़ा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को एड्स के बारे में जानकारी दी गई।

प्रभारी प्राचार्य जीके वर्मा ने बताया कि एड्स एक तरह के विषाणु का नाम है। एचआईवी (ह्यूमन इम्यूनो डिफिशिएंसी वायरस) एड्स एक जानलेवा बीमारी है। इसको खत्म करना ही हम सब की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में जितेंद्र वर्मा व्याख्याता ने बताया कि एड्स असुरक्षित यौन संबंध से फैलता है साथ ही साथ रक्त के आदान-प्रदान तथा मां से शिशु में संक्रमण द्वारा एवं नशीली दवाइयां इंजेक्शन लेने वाला व्यक्ति तथा एचआईवी संक्रमित से सीरीज व सुई का दूसरों द्वारा प्रयोग करने से फैलता है।



कार्यक्रम में सरिता वर्मा व्याख्याता ने बताया कि एड्स के कारण शरीर में संक्रमण से लड़ने की क्षमता समाप्त हो जाती है। जिससे व्यक्ति हमेशा कमजोर तथा बीमारियों से ग्रसित रहता है। एड्स दिवस के अवसर पर बच्चों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए तथा नारे लेखन का कार्य भी किया गया। तिल्दा नेवरा। स्वामी आत्मानंद स्कूल में बच्चों ने एड्स के प्रति जागरूकता के लिए बनाई मानव श्रृंखला।

## सेवा के लिए कभी-कभी भगवान को भी छोड़ना पड़ता हैः डॉ. इंदुभवानंद

**रायपुर।** बोरियाकला शंकराचार्य आश्रम के प्रमुख डॉ. इंदुभवानंद महाराज ने कहा कि भगवान से भी बड़ी भगवान की सेवा होती है। सेवा के लिए कभी-कभी स्वामी को भी छोड़ना पड़ता है। लेकिन सेवा को नहीं छोड़ा जा सकता है। कभी-कभी मैया यशोदा भी कान्हा की सेवा के लिए उनसे अलग हो जाती थीं। वे डूंडा कौशल्या विहार में आयोजित श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में श्रोताओं को संबोधित कर रहे थे। कथा के पहले यजमान सुंदरलाल साहू ने पोथी पूजन किया। सत्संग में गेंदालाल साहू, राधे साहू मौजूद थे।



छत्तीसगढ़ में कल से बदलेगा मौसम

# अगले तीन दिन बारिश के आसार तापमान में नहीं होगा बदलाव



**रायपुर (ए)।** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के साथ ही चक्रवात के चलते प्रदेश में मौसम का मिजाज बदल गया है और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सोमवार से हल्की से मध्यम वर्षा के आसार है। बस्तर क्षेत्र में तो रविवार को भी वर्षा के आसार है।

मौसम विभाग का कहना है कि अधिकतम व न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इन दिनों पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हो रही है,इसके चलते ठंड थोड़ी कम है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि अभी बादल छाए रहने के साथ ही हल्की वर्षा भी हो रही है। कुछ दिनों में जैसे ही मौसम साफ होगा, ठंड में भी एका-एक बढ़ोतरी होगी। छह दिसंबर के बाद से ठंड में बढ़ोतरी की उम्मीद है।


#### नारायणपुर रहा सबसे ठंडा

प्रदेश भर में शनिवार को नारायणपुर सबसे ठंडा रहा। कृषि विज्ञान केंद्र नारायणपुर में न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रायपुर में अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री और न्यूनतम 20.4 डिग्री दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा और न्यूनतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा रहा।

# मास्टर सिक्स जड़ने का रिंकू सिंह ने राज खोला, कहा- मेरे अंदर है नेचुरल पावर

**रायपुर।** भारत और आस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे टी-20 मैच में रिंकू सिंह ने तूफानी बल्लेबाजी से तहलका मचा रखा है। उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी-20 मैच में भी कमाल की पारी खेली। एक दिसंबर को रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रिंकू ने 29 गेंदों में 46 रन बनाया। पांचवें नंबर पर उतरे रिंकू ने चार चौके और दो छक्के जड़े।

उन्होंने रायपुर में 100 मीटर का छक्का जड़ा। उन्होंने यह छक्का भारतीय पारी के 13वें ओवर में मिडविकेट के ऊपर से मारा, जिसकी खूब तारीफ हो रही है। रिंकू ने अब खुद मास्टर सिक्स जड़ने का राज खोला है। चौथे टी-20 के बाद बीसीसीआइ ने रिंकू और




जितेश शर्मा की बातचीत का एक वीडियो एक्स पर जारी किया है।

बातचीत के दौरान जितेश ने रिंकू से सवाल पूछा कि हमें यह बताइए कि आपके 100 मीटर का छक्का लगाने का राज क्या है? इसके जवाब में रिंकू ने कहा कि कुछ नहीं, आपको पता है कि मैं आपके साथ जिम करता हूं। अच्छा खाना खाता हूं। मुझे वजन उठाने का बड़ा शौक है तो मेरे अंदर नेचुरल पावर है।

जितेश ने जब से रिंकू से पूछा कि आपको देखकर ऐसा लग नहीं रहा कि यह पहली सीरीज है, वो बोले- जिस वक्त मैं बैटिंग के लिए गया मुझ पर तो बहुत प्रेशर था। मेरे मन में था कि परफॉर्म करना है। रिंकू ने जवाब में कहा कि मैं काफी टाइम से खेल रहा हूं। आइपीएल खेलते हुए भी चार-पांच साल हो गए, तो वही कांफिडेंस है। अपने आपको बैक करता हूं। जितना हो सके खुद को शांत रखता हूं।

#### रिंकू के नाम यह भी रिकार्ड

रिंकू सिंह ने लंबा सफर तय करने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम की ब्लू जर्सी पहनी। आइपीएल-2023 में आखिर ओवर में लगातार पांच छक्के लगाकर केकेआर को जीत दिलाकर सुर्खियों में आए थे। रिंकू के चार मैच का स्कोर कार्ड द्य पहला मैच - 14 गेंद में 22 रन। द्य दूसरा मैच - नौ गेंद में 21 रन। द्य तीसरे मैच में बल्लेबाजी नहीं। द्य चौथे मैच में 46 रन बनाए।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरी फायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# हद से ज्यादा सेब खाने के हैं यह नुकसान सेहत बनाएगा तो नहीं बिगाड़ जरूर देगा



हर रोज एक सेब खाने से सेहत अच्छा रहता है। ऐसा इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह पोषक तत्व से भरपूर होता है। सेब में पोटैशियम, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम और आयरन प्रचुर मात्रा में होते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं इसे खाने से कभी खून की कभी नहीं होती है। आयुर्वेद के मुताबिक सेब खाने से त्वचा संबंधी बीमारी, सीने में जलन, बुखार और कब्ज की परेशानी से राहत मिलती है। सेब में भरपूर मात्रा में एंटी-ऑक्सीडेंट, फाइबर, विटामिन-सी और विटामिन-बी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। जो आपकी आंखों के लिए काफी अच्छा होता है। लेकिन अगर आप एक दिन 1-2 सेब से ज्यादा खाते हैं तो यह आपकी शरीर के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### ज्यादा सेब खाने से होने वाले नुकसान

मोटापा- अगर आप जरूरत से ज्यादा सेब खाते हैं तो यह आपकी सेहत के लिए काफी ज्यादा नुकसानदायक साबित हो सकता है। इससे वजन भी बढ़ने लगता है और मोटापा के शिकार हो सकते हैं। इसमें शुगर की मात्रा काफी ज्यादा होती है इसलिए यह कैलोरी भी बढ़ा सकती है। फैट भी बढ़ता है।

### पाचन

सेब में भरपूर मात्रा में फाइबर होता है। अगर इसे आप ज्यादा खाएंगे तो गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सिस्टम में गैस बनने लगता है। जिसकी वजह से पेट में दर्द, ऐंठन की समस्या हो सकती है।

### ब्लड शुगर

ज्यादा सेब खाने से ब्लड में शुगर लेवल बढ़ जाता है। जिससे काफी ज्यादा शरीर को नुकसान हो सकता है। सेब में भरपूर मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स, फाइबर और अन्य पोषक तत्व मौजूद होते हैं। कार्बोहाइड्रेट्स से शरीर को काफी ज्यादा एनर्जी मिलती है।

### दांतों

सेब में मौजूद एसिड से दांत को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचता है। इसलिए जरूरत से ज्यादा सेब खाना नुकसानदायक हो सकता है।


# डीप नेक साड़ी में दिशा पाटनी ने दिए किलर पोज अदाएं देखकर फैंस हुए बावले



बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी हमेशा अपने किलर लुक्स से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाए रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी बोल्डनेस को देखकर फैंस भी हैरान रह जाते हैं। उनकी हर तस्वीर पर फैंस भर-भर कर प्यार बरसते हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी ने अपने अधिकारिक इंस्टा अकाउंट पर ग्रीन कलर की साड़ी और डीप नैक ब्लाउज में कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। इस तस्वीरों में दिशा पाटनी बेहद खूबसूरत और बोल्ड नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस इन तस्वीरों में जमकर अपनी बोल्डनेस फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक्ट्रेस की इन तस्वीरों पर फैंस भर-भर का प्यार बरसा रहे हैं। एक्ट्रेस मोनी रॉय ने भी दिशा की इन तस्वीरों पर फायर साइन कमेंट कर बता दिया कि वह कितनी हॉट लग रही हैं। वहीं अन्य फैंस ने भी दिशा की इन तस्वीरों पर कमेंट कर उनकी खूबसूरती को सराहा है। एक यूजर ने कमेंट कर लिखा- दिवाली का पटाखा। वहीं एक्ट्रेस ने कुछ और बेहद बोल्ड तस्वीरें पोस्ट की हैं। जगह-जगह से खुली इस ड्रेस में भी एक्ट्रेस काफी बोल्ड नजर आ रही हैं। दिशा पाटनी अपने बोल्ड और किलर लुक के लिए हमेशा सुर्खियों में रहती हैं। फैंस उनकी एक-एक तस्वीर का बेसब्री से इंतजार करते हैं। दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1993 को देहरादून में हुआ था। साथ ही दिशा पाटनी ने एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू साल 2015 में आई फिल्म लोफर से किया था।

# एनिमल के आगे सैम बहादुर ने भी दिखाया दम विक्की कौशल की फिल्म की ओपनिंग रही शानदार

साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक विक्की कौशल स्टारर 'सैम बहादुर' बीत दिन सिनेमाघरों मे रिलीज हुई है। भारतीय सेना के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ की रियल लाइफ बेस्ड इस फिल्म को दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। दिलचस्प बात ये है कि ये फिल्म रणबीर कपूर की एनिमल के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। रणबीर की फिल्म का क्रेज तो सातवें आसमान पर है बावजूद इसके विक्की कौशल की फिल्म को भी रिलीज के पहले दिन दर्शकों से प्यार मिला है। इसी के साथ फिल्म ने 'सैम बहादुर' शानादर ओपनिंग की है। चलिए यहां जानते हैं विक्की कौशल की फिल्म ने पहले दिन कितना कलेक्शन किया है?



'सैम बहादुर' को मेघना गुलजार ने डायरेक्ट किया है। विक्की कौशल के लीड रोल वाली इस फिल्म का क्लैश रणबीर कपूर की एनिमल से हुआ है। बावजूद इसके 'सैम बहादुर' भी दर्शकों का दिल छूने में कामयाब रही है। फिल्म में विक्की कौशल ने सैम मानेकशॉ के अपने किरदार से काफी इंप्रेस किया है और सोशल मीडिया पर एक्टर और उनकी इस फिल्म की जमकर तारीफ भी हो रही है। वहीं कमाई की बात करें तो 'सैम बहादुर' की रिलीज के पहले दिन की कमाई के आंकड़े आ गए हैं। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने पोस्ट शेयर कर 'सैम बहादुर की कमाई के शुरुआती आंकड़े जारी किए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक 'सैम बहादुर' ने रिलीज के पहले दिन 6.25 करोड़ रुपयों की कमाई की है। इसी के साथ ये फिल्म विक्की कौशल के करियर की तीसरी सबसे बड़ी ओपनर बन गई है।

# खाना बनाने के लिए नारियल तेल हेल्दी है या नहीं? यह है इसके साइडइफेक्ट्स

कुछ सालों से नारियल तेल ने हेल्थ के हिसाब से काफी ज्यादा लोकप्रियता हासिल की है। कई रिसर्च में यह बात सामने आई है कि इसमें भरपूर मात्रा में हेल्दी फैट और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। फिर भी, यह सवाल अक्सर उठता है कि नारियल का तेल उतना स्वास्थ्यप्रद है या नहीं, जैसा कि कई रिसर्च में यह बात साबित हो चुकी है। यह सवाल काफी तेजी से विवादास्पद हो गया है। कुछ लोगों का तर्क है कि नारियल तेल के स्वास्थ्य लाभ उतने महान नहीं हो सकते हैं जितना पहले माना जाता था। तो आइए करीब से देखें और पांच कारणों की जांच करें कि क्यों नारियल का तेल उतना स्वास्थ्यवर्धक नहीं है जितना हम सोचते हैं।




### हाई फैट

नारियल के तेल में उच्च स्तर की संतृप्त वसा होती है, जो शरीर में एलडीएल कोलेस्ट्रॉल (अक्सर खराब कोलेस्ट्रॉल के रूप में जाना जाता है) के स्तर को बढ़ा सकता है।

### फैटी एसिड का अच्छा सोर्स होता है

ओमेगा-3 और ओमेगा-6 जैसे आवश्यक फैटी एसिड हमारे समग्र स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं, लेकिन वे नारियल के तेल में महत्वपूर्ण मात्रा में नहीं पाए जाते हैं। इसलिए, स्वस्थ वसा के दैनिक सेवन के लिए केवल नारियल तेल पर निर्भर रहना आपके शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं हो सकता है।

### हाई कैलोरी

सामग्रीनारियल तेल को अन्य खाना पकाने वाले तेलों के स्वस्थ विकल्प के रूप में विपणन किया जा सकता है, लेकिन यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि यह अभी भी वसायुक्त है और इसमें उच्च संख्या में कैलोरी होती है।

### आवश्यक पोषक तत्वों की कमी

जबकि नारियल के तेल में विटामिन ई और लॉरिक एसिड जैसे कुछ लाभकारी पोषक तत्व होते हैं, लेकिन इसमें कई आवश्यक पोषक तत्वों की कमी होती है जिनकी हमारे शरीर को ठीक से काम करने के लिए आवश्यकता होती है।

### नारियल तेल हेल्दी होता है या नहीं?

नारियल का तेल वास्तव में स्वास्थ्यप्रद है या नहीं, इस पर बहस होने का एक मुख्य कारण यह है कि इसके स्वास्थ्य संबंधी दावों का समर्थन करने के लिए पर्याप्त दीर्घकालिक शोध नहीं है।

तो इस सब का क्या मतलब है? क्या इसका मतलब यह है कि हमें अपने आहार से नारियल तेल को हटा देना चाहिए? आवश्यक रूप से नहीं। हालांकि हमारे स्वास्थ्य पर इसके संभावित नकारात्मक प्रभावों के बारे में कुछ चिंताएं हैं, फिर भी संतुलित आहार के हिस्से के रूप में नारियल तेल का सीमित मात्रा में आनंद लिया जा सकता है। इसकी उच्च संतृप्त वसा सामग्री के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है और स्वस्थ वसा के हमारे दैनिक सेवन के लिए केवल इस पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

# टीवी इंडस्ट्री 90 के दशक की तुलना में अधिक पिछड़ गई है: अनुपमा सोलंकी


नाथ-कृष्ण और गौरी की कहानी फेम अभिनेत्री अनुपमा सोलंकी ने साझा किया कि टीवी उद्योग 90 के दशक की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है, उन्होंने कहा कि 100 से अधिक धारावाहिक हैं, जो उद्योग को आपदा बना रहे हैं। अनुपमा ने कहा, एक टीवी कलाकार होना मेरे लिए सम्मान की बात है क्योंकि लोग इस माध्यम से प्रभावित होते हैं और कभी-कभी लोग हमसे प्यार करते हैं और कभी-कभी वे हमारे द्वारा निभाए गए किरदारों के कारण हमसे नफरत भी करते हैं। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि हम दुनिया को प्रभावित करते हैं। और यह हमारे समाज का मार्गदर्शन करने का एक बड़ा अवसर और जिम्मेदारी है।



मुझे बचपन से ही टीवी नाटकों की लत रही है इसलिए मैंने टीवी उद्योग और टीवी धारावाहिकों को बहुत करीब से देखा है, लेकिन ईमानदारी से मुझे लगता है कि टीवी उद्योग 90 के दशक की तुलना में अधिक पिछड़ा हुआ है। इन दिनों हम एक टीवी श्रृंखला में दिखा रहे हैं जिसे हम स्कूटर पर चांद पर जा रहे हैं। मैं वह दृश्य देखकर हैरान रह गई, उन्होंने साझा किया।

अनुपमा ने कहा, मैं नाम नहीं लेना चाहती, लेकिन ऐसे 100 धारावाहिक हैं जो टीवी इंडस्ट्री को तबाह कर रहे हैं। मैं 90 के दशक के टीवी शो से जुड़ी नहीं हूं, लेकिन बाद में मैंने कई टीवी शो देखे जो उत्कृष्ट हैं। नुक्कड़ नाटक, चंद्रकांता, रामायण, महाभारत, देख भाई देख, ब्योमकेश बख्शी, हिट शो की एक बड़ी सूची है लेकिन इन दिनों केवल कुछ शो ही अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं जैसे मेरा शो नाथ कृष्ण और गौरी की कहानी के साथ अनुपमा और कुंडली भाग्य। उन्होंने कहा, मैं अपनी टीवी इंडस्ट्री से खुश नहीं हूं लेकिन मेरे पास कोई विकल्प नहीं है इसलिए जो कुछ भी है मैंने उसे स्वीकार कर लिया है। नाथ-कृष्ण और गौरी की कहानी दंगल टीवी पर प्रसारित होता है।

# भूल भुलैया 3 में नजर नहीं आएंगी तब्बू? कार्तिक आर्यन की फिल्म को लेकर आया अपडेट



तब्बू और कार्तिक आर्यन स्टारर कॉमेडी हॉरर फिल्म भूल भुलैया 2 कोरोना काल के बाद रिलीज हुई पहली बड़ी हिट फिल्म थी। फिल्म का निर्देशन अनीस बज़्मी ने किया था और यह अक्षय कुमार की 2007 की फिल्म भूल भुलैया का सीक्वल थी। वहीं अब फिल्म फैंचाइजी की तीसरी किस्त को लेकर खबरें सामने आने लगी हैं। जिसमें खबर आ रही है कि तब्बू शायद इसका हिस्सा नहीं होंगी।

भूल भुलैया 2 में तब्बू की भूमिका को खूब पसंद गया और फिल्म एक बड़ी व्यावसायिक सफलता साबित हुई। हालांकि, हो सकता है कि उन्होंने इसकी तीसरी किस्त के लिए ना कह दिया हो। रिपोर्ट के अनुसार, भारी रकम ऑफर होने के बावजूद एक्ट्रेस ने भूल भुलैया 3 को ठुकरा दिया है। सूत्र का कहना है कि मंजुलिका की भूमिका उनके बहुत करीब है लेकिन वह इसे जल्द ही दोबारा करने के लिए उत्सुक नहीं हैं। कथित तौर पर तब्बू इस भूमिका को दोबारा निभाने से पहले इंतजार करना चाहती हैं। दूसरी ओर, निर्माता फिल्म को जल्द से जल्द शुरू करने के इच्छुक हैं।

भूल भुलैया 2 अनीस बज़्मी द्वारा निर्देशित है और अक्षय कुमार की 2007 की हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया का स्टैंडअलोन सीक्वल है। फिल्म में कार्तिक आर्यन, तब्बू, कियारा आडवाणी, राजपाल यादव और अन्य कलाकार हैं। यह बॉक्स ऑफिस पर बड़ी सफलता पाने वाली फिल्म बनीं। तब्बू के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार विशाल भारद्वाज की जासूसी थ्रिलर खुफिया में देखा गया था। वह जल्द ही अजय देवगन के साथ औरों में कहां दम था और करीना कपूर खान, कृति सेनन और दिलजीत दोसांझ के साथ द क्रू में नजर आएंगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### राम मंदिर : अयोध्या से आया बाबा भूतेश्वरनाथ के नगरी में पीले चावल का कलश

**गरियाबंद।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में रामलला की स्थापना का वक्त नजदीक आ रहा है।मंदिर निर्माण अपने अंतिम चरण में है.22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा भी हो जाएगी।राम भक्तों को अयोध्या बुलाने के लिए पीले चावल भेजे जा रहे हैं।पीले चावल से भरा एक कलश भूतेश्वरनाथ भगवान महादेव की नगरी गरियाबंद भी पहुंचा।राम भक्तों को निमंत्रण देने के लिए अयोध्या से पीले चावल का कलश आज गरियाबंद पहुंचा।यहां हिंदूवादी संगठन के नेता कलश के स्वागत के लिए तिरंगा चौक पर मौजूद थे।कलश के पहुंचते ही जश्न मनाया गया।अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए गरियाबंद वासियों को मिला आमंत्रण,श्री राम लला की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के न्यौता देने गरियाबंद पहुँचा अक्षत कलश,विश्व हिंदू परिषद चलाएगा विशेष,अभियान, अभियान के तहत घर घर जाकर देंगे न्यौता। श्री राम मंदिर पूजा का आमंत्रण रात 8 बजे गरियाबंद नगर के हृदय स्थल में तिरंगा चौक में अक्षत कलश के रूप में श्री राम मंदिर अयोध्या से आमंत्रण पहुँचा जिसे विश्वहिन्दू परिषद बजरंग दल के ज़िला अध्यक्ष शिशु पाल राजपूत लेकर पहुँचें उन्होंने बतलाया अयोध्या में श्री राम के विशाल मंदिर का भव्य शुभारंभ के लिए 22 जनवरी का दिन निश्चित किया गया है,और श्री राम मंदिर के शुभारंभ के अवसर पर जो भी पूजा में शामिल होकर मंदिर के भव्य शुभारंभ का साक्षी बनेंगे उनको छत्तीसगढ़ के चावल से बने भोजन प्रसाद स्वरूप प्राप्त होंगे,कलश में पीले चावल हैं,यह पीले चावल घर घर बांटे जाएंगे और अयोध्या के लिए आमंत्रित किया जाएगा,अयोध्या में 22 जनवरी को राम लला मंदिर में विराजेंगे।उसी दिन के लिए सबको आमंत्रित किया जाएगा।हिंदू धर्म कि मान्यता के अनुसार शुभ कार्य के निमंत्रण देने से पहले उनके घर पर पीले चावल दिए जाते हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार जब भी कोई शुभ कार्य होता है तो उसका निमंत्रण देने से पहले उनके घर पर पीले चावल दिए जाते हैं।इसके बाद निमंत्रण स्वीकार किया जाता है राम लला अपने दरबार में विराजमान होंगे।इसी कार्यक्रम में लोगों को आमंत्रित करने के लिए पीले चावल देश भर में भेजे जा रहे हैं।

### विश्व एड्स दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम

**सूरजपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दिशा निर्देशन में जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर गोविन्द नारायण जांगड़े जी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजपुर के माननीय डॉली ध्रुव के निर्देशन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सूरजपुर, कटोरी, सत्तीपारा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिहारपुर चांदनी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भटगांव व प्रतापपुर में एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को एचआईवी एड्स जैसी खतरनाक बीमारी से संरक्षण व बीमारी के लक्षण और सावधानी तथा उपचार के संबंध में जानकारी प्रदान करने के साथ साथ लोगों को आगामी 16 दिसंबर 2023 आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत अन्य विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से पैरा लीगल वॉलिंटियर्स प्रियंका यादव ,राजिया खान, विकाश कुमार प्रजापति अक्षयवर लाल गुप्ता, चिरंजीव, कांति सिंह, नितेश कुमार साहू उपस्थित रहें।

### हाथी-मानवद्वन्द रोकने की दिशा में प्रभावी कदम उठाएं : कलेक्टर

**कोरबा।** कलेक्टर सौरभ ने आज वन विभाग सहित विद्युत और क्रेडा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले के वनांचल क्षेत्रों में हाथी और मानव द्वंद को कम करने तथा जंगली हाथियों से किसी तरह की जनहानि न हो, इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने हाथियों को रिहायशी क्षेत्रों से दूर भगाने में लगी टीम को अलर्ट रहने और वन्य प्राणियों को नुकसान पहुँचाने वाले विद्युत तारों को दुरुस्त करते हुए निर्धारित ऊँचाई का ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हाथी मानवद्वन्द कम करने हेतु गठित समिति की बैठक लेते हुए कलेक्टर सौरभ कुमार ने जिले में अवैध हुकिंग पर कार्यवाही के निर्देश विद्युत विभाग को दिए। उन्होंने वन क्षेत्रों में खुले हुए विद्युत तारो को कवर करने के निर्देश दिए। बैठक में हाथियों द्वारा किए जाने वाले फसलों के नुकसान पर मुआवजे का वितरण समय पर कराने, जनहानि की घटनाओं पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट जल्दी तैयार कर प्रस्तुत करने, धान उपार्जन केंद्रों में धान की खरीदी और उठाव कर परिवहन कराने, जंगली जानवरों के शिकार के लिए जंगल में जाने वाले शिकारियों पर कार्यवाही करने, अनावश्यक जंगलों में नहीं जाने के लिए लोगों को जागरूक करने के संबंध में निर्देश दिए गए। बैठक में हाथियों को आकर्षित करने वाले फसलों के स्थान पर अन्य फसल के लिए प्रोत्साहित करने के सम्बंध में भी चर्चा हुई।

# दुर्गम व संवेदनशील क्षेत्रों में उत्तरदायित्व निभाने वाले मतदान कर्मी हुए सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर। विधानसभा चुनाव के तहत जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर में 7 नवम्बर को मतदान सम्पन्न हुआ। जिले के अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पखांजूर और अंतागढ़ तहसील में कई ऐसे दुर्गम व सुरक्षा के दृष्टिकोण से संवेदनशील क्षेत्र हैं, जहां पर जाकर मतदान कराना आसान नहीं था। ऐसी प्रतिकूल परिस्थितियों में भी पूरी शिद्दत के साथ अपने निर्वाचन संबंधी दायित्वों का निर्वहन करना किसी मतदान दल व सुरक्षाकर्मी के लिए आसान नहीं था।**



ऐसे हालात में निर्वाचन की सर्वोच्च प्राथमिकता को दृष्टिगत करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी ढंग से निभाने वाले मतदान कर्मियों का शनिवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला और एसपी दिव्यांग पटेल ने अपने हाथों प्रशस्ति-पत्र भेंट कर न सिर्फ उनके अदम्य साहस की सराहना ही बल्कि पूरी शिद्दत के साथ सौंपी गई जिम्मेदारियों को बेहतर ढंग से निभाने वाले मतदान कर्मियों के जज्बे को सलाम भी किया। इस दौरान मतदान कर्मचारियों ने अपने अनुभव साझा भी किए।

कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आज सुबह 11.30 बजे आयोजित सम्मान कार्यक्रम में कलेक्टर ने सभी मतदान कर्मियों की सराहना करते हुए विपरीत हालातों में भी अदम्य साहस के साथ सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करने के लिए मुक्तकण्ठ से प्रशंसा की। उन्होंने संवेदनशील इलाकों में कई किलोमीटर पैदल चलकर मतदान केन्द्र पहुंचने वाले तथा हेलीकॉप्टर से पहुंचकर मतदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक निभाने वाले सभी कर्मचारियों को बधाइयां दीं। इस अवसर पर उपस्थित एसपी पटेल ने भी उपस्थित सभी मतदान अधिकारियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके अभूतपूर्व साहस की तारीफ की।

इस दौरान अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पानीडोबरी मतदान केन्द्र क्रमांक 152 के मतदान अधिकारी अंकालराम ध्रुव व्याख्याता ने बताया कि अतिसंवेदनशील क्षेत्र में यह उनकी तीसरी बार ड्यूटी थी और उनकी टीम को हेलीकॉप्टर के माध्यम से पोलिंग बूथ पहुंचाया गया था। इस दौरान उन्होंने अपने निर्वाचन से संबंधित दायित्वों के बारे में अपने अनुभव साझा किए। इसी तरह माछपल्ली (पखांजूर) केन्द्र के मतदान अधिकारी भूपेश यादव सहित सांवलीपरस, कोंगेरा, कुरूषबोड़ी (मांझी-2), कड़वे मतदान केन्द्रों के मतदान अधिकारियों ने अपने व्यक्तिगत अनुभव कलेक्टर-एसपी के समक्ष साझा किए। इस दौरान पूरा सभाकक्ष तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके उपरांत सभी उपस्थित मतदान कर्मियों को अधिकारियों ने बारी-बारी से प्रशस्ति-पत्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

इन मतदानवीरों का हुआ सम्मान-

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित सम्मान समारोह में हेलीकाप्टर से जाकर मतदान कराने वालों में अंतागढ़ तहसील के मतदान केन्द्र क्रमांक-148 गुड़ाबेड़ा, केसेकोड़ी क्रमांक-149, पानीडोबरी-1 क्रमांक-151, पानीडोबरी-2 क्रमांक-152, कोंगेरा क्रमांक-218, मुल्ले क्रमांक-219, गवाड़ी क्रमांक-220 और किसकोड़ो क्रमांक-221 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

## विश्व एड्स दिवस पर महाविद्यालय में हुआ विभिन्न कार्यक्रम



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बेमेतरा।** शासकीय नवीन महाविद्यालय दाढ़ी में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर समुदायों को नेतृत्व करने दें के थीम पर संस्था के प्राचार्य डॉ. कमलेश दुबे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। विश्व एड्स दिवस हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाता है, ताकि एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके। उन लोगों की स्मृति की जा सके जो चले गए हैं, और उन लोगों के समर्थन का संकेत दिया जा सके जो एचआईवी के साथ जी रहे हैं। यह एक वैश्विक पहल है शिक्षा को बढ़ावा देने, समृद्धि की लड़ाई देने, और एचआईवी के प्रभाव की समझ को बढ़ावा देने की। यह दिन यह भी याद दिलाता है कि एचआईवी के प्रसार को नियंत्रित करने के लिए परीक्षण, रोकथाम और उपचार सेवाओं के पहुंच का महत्व है। कार्यक्रम में विषय प्रवक्ता के रूप में मुख्य अतिथि डॉक्टर सतीश शर्मा सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा, डॉक्टर शिवगोपाल ठाकुर श्रद्धष छिरहा, डॉक्टर पंचराम पीएचसी दाढ़ी उपस्थित रहें साथ कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय के उद्बोधन से किया गया। बच्चों को इस बीमारी एवं बचाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान भी किया गया, साथ ही साथ महाविद्यालय के द्वारा जन जागरूकता रैली निकाल कर प्रचार प्रसार किया गया।

समुदाय आधारित नेतृत्व की भी जानकारी दी गई साथ ही छत्तीसगढ़ शासन द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में वह वर्तमान में इस बीमारी की स्थिति से अवगत कराया गया।

# धान खरीदी केंन्द्रो व चेकपोस्ट की लगातार हो रही निगरानी



श्रीकंचनपथ न्यूज

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन में खाद्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा कोचियों बिचौलियों का धान समिति में ना खापाया जा सके इस बात को ध्यान में रखते हुये लगातार धान खरीदी केंन्द्रों का निरीक्षण किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान धान उपार्जन केंद्र अंबागढ़ चौकी में माहुद निवासी रोशन बोरकर के द्वारा अपनी ऋण पुस्तिका में धान खपाने के लिए 118 कट्टा कोचिया का धान लाया गया जिसे मौके पर जप्त कर समिति प्रबंधक अं.चौकी के सुपुर्द किया गया। इस कार्यवाही में खाद्य अधिकारी आशीष रामटेके, खाद्य निरीक्षक विश्वनाथ एवं हेमंत नायक तथा संदीप कसेर, दिनेश सलामें में उपस्थित थे। खाद्य विभाग, राजस्व व पुलिस विभाग की और से अवैध धान की आवक जिले में ना हो, इस बात की निगरानी करते हुये जिले की सीमा में बने हुए चेक पोस्ट में वाहनों की जांच की जा रही है। इस दौरान सीमावर्ती चेकपोस्ट कोरचाटोला में रात को विभागीय अधिकारियों की ओर से वाहनों की जांच की गई। जिले में खरीदी केंन्द्रों में अब तक 31413 मैट्रिक टन धान की आवक हो गई है। इसके निराकरण के लिए 6120 मैट्रिक टन डी.ओ जारी कर लगातार धान का उठाव किया जा रहा है।

अन्य जिले दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, बालोद के मिलरों के द्वारा भी शीघ्र धान उठाव प्रारंभ किया जाएगा, शासन की ओर से कृषकों को धान बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत ना आये इस बात का ध्यान रखा जा रहा है।

# गुड मॉर्निंग महासमुंद में शामिल हुए बच्चे, खिलाड़ी व नागरिक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुंद।** लोगों की बेहतर सेहत और जागरूक करने के साथ उनकी इम्यूनिटी सिस्टम को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, खेल विभाग, खेल संघ तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन मिनी स्टेडियम महासमुंद में सुबह 7:00 से 8:30 बजे तक किया गया। जिसमें हैंडबाल, हॉकी, खो-खो, कबड्डी, नेटबॉल, रस्साकसी, फुटबॉल, नेटबॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, क्रिकेट खेल के साथ पारंपरिक गतिविधियां संखली, डॉजबॉल आयोजित किया गया।





खेल अधिकारी श्री मनोज धृतलहरे ने बताया कि आयोजन में विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों, खेल संघ, सत्यम योगा अकादमी, हिट होप जुंबा क्लॉस, अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक सहित 680 प्रतिभागियों ने गुड मॉर्निंग महासमुंद के लगातार दूसरे आयोजन में उत्साह के साथ शामिल होकर आयोजन को सफल बनाया। सत्य नारायण दुर्गा के नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी गुणवंत साहू, हमराज पटेल सत्यम योग एकेडमी महासमुंद द्वारा योगा कराया गया। जिसमें स्कूली बच्चों सहित नागरिकों में नुरेन चंद्राकर व अन्य ने योग किया। विद्यार्थियों तथा खिलाड़ियों ने व्यायाम करने के पश्चात् गोला फेंक व लंबीकूद में हिस्सा लिया। बॉस्केटबॉल खेल में आकाश सोनी के नेतृत्व में प्रीतम कन्नौजे, हरीश सोनी, हर्षित सोनी, दिव्या ने अच्छा प्रदर्शन किया। छन्नू लाल साहू के मार्गदर्शन में फुटबॉल का वेडनर मेमोरियल स्कूल के खिलाड़ियों ने बेहतर अभ्यास किया। सै. इमरान अली के मार्गदर्शन में हैंडबाल अभ्यास कराया गया जिसमें शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के खिलाड़ी व खेल संघ के खिलाड़ी रामेश्वरी यादव, चांदनी यादव, धनंजय, आदित्य, श्रृष्टि मिश्रा, नीतू चंद्राकर, इंशा फादिमा का अच्छा प्रर्दशन रहा। जमसेद रजा के मार्गदर्शन में क्रिकेट मैच खेला गया, जिसमें सुशील, वैभव का अच्छा प्रर्दशन रहा। वॉलीबाल खेल के अभ्यास में गौरव बंजारे, निहाल टंडन, मोहित पटेल, सिद्धार्थ साहू ने अच्छा प्रदर्शन किया।

इसी प्रकार हितेष यादव, वैशाली सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में जुंबा डांस किया गया। जिसमें समस्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, खिलाड़ी, शिक्षक, नागरिक एक साथ शामिल होकर जुंबा डांस कर खूब आनंद लिए जिसमें हिट होप जुंबा फिटनेस क्लॉस से पूनम ध्रुवंशी, मासूम साहू, लीना साहू, सुमन देवांगन, अंशिका, प्रज्ञा, दिशा नंदवानी, दीक्षा, महिमा सिंह ठाकुर का प्रदर्शन सराहनीय रहा व स्कूली बच्चों में दिव्या ठाकुर, अमरिका साहू, ललिता निषाद, रामेश्वरी साहू, साक्षी सबर, प्रिती बेगम, काव्या सोनवानी, पवन जोशी, उत्कर्ष मिश्रा ने अच्छा प्रदर्शन किया। नेटबॉल खेल में सोनिया ध्रुव, सीमा ध्रुव, वसुंधरा ध्रुव, तेजेश्वर, छिलेश, लुकेश, जय विभार ने अच्छा प्रर्दशन किया। सेवन दास मानिकपुरी के नेतृत्व में संखली का आयोजन कराया गया, जिसमें डीएमएस के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इंद्राणी भास्कर, अंजनी साहू के मार्गदर्शन में रस्साकसी का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया जिसमें हालेंद्र साहू, महेश्वर यादव, चंदन ध्रुव, चोपेश यादव, रितेश यादव, दानवीर साहू का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

# बीपी सिक्स के व्यायाम शरीर के अंगों के लिए लाभदायक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सूरजपुर।** विकासखंड रामानुजनगर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पतरापाली में शनिवार को बैगलेस डे के दिन शिक्षक, स्काउट मास्टर योगेश साहू ने बेडेन पावेल के छह व्यायाम बच्चों को कराए एवं उसकी जानकारी देते हुए कहा कि बीपी सिक्स के व्यायाम शरीर के सभी अंगों के लिए लाभदायक हैं। इन व्यायामों को अपने दैनिक जीवन में अपनाकर शरीर को सुरक्षित किया जा सकता है।



जिसका प्रथम व्यायाम सिर के लिए - दोनों हाथों की हथेलियों और उंगलियों से सिर और चेहरे को कई बार मजबूती से रगड़ें। गर्दन और गले की मांसपेशियों को थपथपाएं। द्वितीय व्यायाम छाती के लिए - सीधी स्थिति से सामने की ओर झुकें, भुजाएँ नीचे की ओर फैली हुई हों, हाथों का पिछला भाग घुटनों के सामने एक साथ हो। साँस छोड़ना हाथ को धीरे-धीरे सिर के ऊपर उठाएं और जहां तक संभव हो पीछे झुकें, नाक से गहरी सांस लें। मुंह से धन्यवाद शब्द को बाहर निकालते हुए, भुजाओं को धीरे-धीरे बगल में नीचे लाएँ। अंत में फिर से आगे झुकें अपनी आखिरी सांस बाहर निकालें। तृतीय व्यायाम पेट के लिए - सीधे खड़े होकर, दोनों हाथों को बाहर की ओर फैलाएं, उंगलियां सीधी सामने की ओर फैलाएं, फिर धीरे-धीरे पैरों को हिलाए बिना कूल्हों से दाहिनी ओर घूमें, और दाहिनी भुजाओं को जितना हो सके अपने पीछे की ओर घुमाएं, ध्यान रखें दोनों भुजाएँ कंधों के बराबर या उससे थोड़ा ऊपर हों। फिर, एक विराम के बाद, धीरे-धीरे बाईं ओर जितना संभव हो सके घूमें। बाईं ओर इशारा करते समय सांस लें। बॉडी ट्विस्टिंग दाईं ओर इशारा करते समय सांस छोड़ें। छह बार दोहराएं, सांस को दूसरी तरफ बदलें और छह बार दोहराएं। चतुर्थ व्यायाम ट्रंक के लिए - इसे कोन एक्सरसाइज भी कहा जाता है। ध्यान स्थिति में खड़े होकर, दोनों हाथों को सिर के ऊपर जितना संभव हो उतना ऊपर उठाएं, और उंगलियों को जोड़ लें। पीछे की ओर झुकें, और फिर भुजाओं को शंकु की दिशा में बहुत धीरे-धीरे गोल घुमाएँ, ताकि हाथ शरीर के ऊपर और चारों ओर एक विस्तृत घेरा बना लें, शरीर कूल्हों से मुड़ जाए और एक तरफ झुक जाए। फिर सामने की ओर, फिर दूसरी ओर और फिर पीछे की ओर। वृत्त पूरा करने के बाद विपरीत दिशा में प्रारंभ करें। दोनों तरीकों से छह बार दोहराएं। पीछे की ओर झुकते समय सांस लें और आगे की ओर झुकते समय सांस छोड़ें। पाँचवी व्यायाम शरीर के निचले हिस्से और पैरों के पिछले हिस्से के लिए - पैरों को थोड़ा अलग करके खड़े हो जाएं, दोनों हाथों से अपने सिर को छुएं और ऊपर आकाश की ओर देखें, जितना हो सके पीछे झुकें और फिर आगे और नीचे की ओर झुकें जब तक कि आपकी उंगलियां आपके पैर की उंगलियों को न छू लें बिना झुके आपके घुटने। छठी व्यायाम टांगों, पैरों और पंजों के लिए - अटेंशन स्थिति में खड़े हो जाएं, हाथों को कूल्हों पर रखें, पंजों के बल खड़े हों, घुटनों को बाहर की ओर मोड़ें, और उन्हें धीरे-धीरे नीचे झुकाकर बैठने की स्थिति में लाएं, एड़ियां पूरी तरह जमीन से सटी रहें। फिर धीरे-धीरे शरीर को ऊपर उठाएं और दोबारा पहली स्थिति में आ जाएं। जैसे ही शरीर ऊपर उठे तो सांस लें और जैसे ही शरीर नीचे आये तो साँस छोड़े। सभी व्यायाम कम से कम 6 बार और अधिक से अधिक 12 बार करें।

व्यायाम पश्चात बच्चों को खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम कराया गया। बच्चों ने कहा हमे अगले शनिवार का रहेगा इंतजार। विद्यालय में प्रधान पाठक बी.आर. हितकर, संकुल समन्वयक जे.डी. सिंह, शिक्षक महेंद्र पटेल, अनिता सिंह, कृष्ण यादव, योगेश साहू, सविता साहू, रघुनाथ जायसवाल, भृत्य सरिता सिंह एवं छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## बालोद में अब तक सवा लाख मीट्रिक टन से ज्याद धान की खरीद

**बालोद।** बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 01 लाख 49 हजार 197 किसानों ने धान विक्रय हेतु पंजीयन कराया है। जिसमें से अब तक 39 हजार 864 किसानों द्वारा कुल 01 लाख 43 हजार 913 मीट्रिक टन धान विक्रय किया गया है। जिसकी कुल राशि 315 करोड़ 98 लाख रूपए है। उन्होंने बताया कि अब तक 56 हजार 115 मीट्रिक टन धान हेतु डीओ जारी किया गया है, जिसमें से 33 हजार 428 मीट्रिक टन का धान उठाव कर लिया गया है। उपार्जन केन्द्रों में 01 लाख 10 हजार 485 मीट्रिक टन धान शेष है। उन्होंने बताया कि आगामी खरीदी दिवस हेतु 3586 किसानों के लिए टोकन जारी किया गया है, जिसमें कुल 01 लाख 42 हजार 262 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जाएगी।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर



### हत्या के प्रयास करने वाले आरोपी को 10 साल की सुनाई सजा

**घरघोड़ा ( ए )।** अपर जिला व सत्र न्यायालय घरघोड़ा के न्यायाधीश अच्छे लाल काछी ने हत्या के प्रयास के केस में आरोपी तुलसी एक्का निवासी ग्राम चिरई खार थाना लैलूंगा को 10 वर्ष के सश्रम कारावास और जुर्माना से दंडित किया है। जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि लैलूंगा के ग्राम चिरई खार में 16 दिसंबर 2020 की रात आरोपी तुलसी एक्का मुर्गी चोरी करने की नीयत से फार्म में घुसा था। मुर्गियों की हड़बड़ाहट सुन ज्वाकिम जाग गया। जाकर देखा तो फार्म की लाइट बंदं मली। एक आदमी भागता दिखा। पीड़ित ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पहचान उजागर के डर से तुलसी ने ज्वाकिम को जान सहित मारने की नीयत से चाकू से उसके पेट में वार कर दिया। इससे ज्वाकिम टेटे गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के बाद वह थाने पहुंचा। सूचना पर थाना लैलूंगा में अपराध क्रमांक 289/2020 अपराध अंतर्गत धारा 307 भारतीय दंड संहिता के तहत अपराध कायम कर विवेचना शुरू की गई।

प्रकरण में विवेचना के बाद न्यायालय अपर जिला च सत्र न्यायालय घरघोड़ा के समक्ष आरोपी तुलसी एक्का के खिलाफ धारा 307, 459, भादवि व आयुध अधिनियम की धारा 25, 27 के तहत अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। आरोपी तुलसी एक्का को धारा 307 भादवि के अंतर्गत दोषी करार देते आहत ज्वाकिम टेटे की हत्या का प्रयास करने के जुर्म में 10 वर्ष के सश्रम कारावास एवं रुपए 500 की जुर्माने से दण्डित करने की सजा सुनाई।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म आरोपी को भेजा गया जेल

**सेल ( ए )।** पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के बाद ये कार्रवाई की है। यह कसडोल थाना क्षेत्र का मामला है। 30 नवंबर 2023 को पीड़िता ने थाना कसडोल में रिपोर्ट दर्ज कराई कि सन् 2022 अप्रैल में से शादी में ग्राम सेमरिया गई थी। तब आरोपी अर्जुन साहू (25) कोसमसरा सेमरिया से जान पहचान हुई। आपस में बातचीत करते थे। तब आरोपी ने शादी करने का झांसा दिया।

सन 2022 माह अप्रैल में सेमरिया में पीड़िता घर में थी और कोई नहीं था। उसी समय अर्जुन साहू आया और शादी करूंगा कहकर शारीरिक संबंध बनाया। ग्वालियर ले जाकर होटल में भी मांग में सिंदूर भरकर शादी कर लिया हूं कहकर झांसे मे लेकर लगातार 1 माह तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। आरोपी अपने घर सेमरिया में भी 11 नवंबर 2023 से 13 नवंबर 2023 तक ले जाकर लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। पुलिस ने आरोपी अर्जुन साहू पिता छकलाल साहू सेमरिया थाना कसडोल को गिरफ्तार कर लिया है। न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

# नाबालिगों ने लगाया फ्लिपकार्ट को चूनाः आईफोन ऑर्डर कर डिलीवरी बॉय से लूटकर भागे बदमाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग शहर में तीन नाबालिगों ने लूट की ऐसी साजिश रची कि पुलिस भी हैरान रह गई। आईफोन का शौक ने नाबालिगों के दिमागी में शैतानी सोच का बीज बोया और लूट की योजना बना डाली। इसके लिए तीनों ने फ्लिपकार्ट पर आईफोन 12 ऑर्डर किया और जब डिलवरी बॉय बताए हुए लोकेशन पर पहुंचकर फोन लगाया तो नाबालिगों ने दूसरी जगह बुलाया। तय योजना के तहत तीनों ने डिलीवरी बॉय से मोबाइल लूटे और भाग गए। घटना के करीब दो सप्ताह बाद पुलिस ने शातिर नाबालिगों को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा किया।

## पुलिस की गिरफ्त में आए शातिर नाबालिग



यह पूरी घटना 18 नवंबर की है। ई-कामर्स कंपनी फ्लिपकार्ट में डिलीवरी बॉय का कामकरने वाले रवि देवागंन ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। रवि ने पुलिस को बताया कि 14 नवंबर 2023 फ्लिपकार्ट पर आईफोन 12 के चार मोबाइल ऑर्डर किए गए। 18 नवंबर चार मोबाइल लेकर रवि देवांगन बताए गए पते ब्राम्हणपारा पहुंचा। यहां पहुंचने के बाद दिए गए नंबर पर फोन लगाया। फोन रिसीव करने वाले ने डिलीवरी बॉय को बताया कि वह मोहलई में रहता है और वहीं आ जाए।

डिलीवरी बॉय बताए गए पर पहुंचा। वहां पहुंचने के बाद उसने बॉक्स खोलकर दिखाने कहा। इसके बाद उसने चारों मोबाइल निकाले और एक का बॉक्स खोलकर दिखाने लगा। इस दौरान तीन मोबाइल बगल में रख दिया। इस दौरान उसके साथ दो अन्य लोग एक्सेस गाड़ी में बैठे हुए थे जो मौका देखकर मोबाइल लूटकर भाग गए। डिलीवरी बॉय ने तीनों का पीछा किया तो इस बीच एक मोबाइल गिर गया। इस तरह तीन मोबाइल लूटने में बदमाश कामयाब हो गए।

इधर इस मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की। घटना स्थल के आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को देखा गया। जिस नंबर से संपर्क हुआ था उसको साइबर सेल की मदद से आईडेंटिफाई कराया गया। इस दौरान मुखबिर की मदद से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में दोनों ने लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। पुलिस ने इस मामले में दोनों नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके पास से तीन आईफोन, घटना में प्रयुक्त वीवो मोबाइल व काले रंग की एक्सेस गाड़ी जब्त किया गया। घटना के समय प्रयुक्त सिम को फेंक देने की बात भी नाबालिग आरोपियों ने बताई है। इसके बाद नाबालिगों बाल न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक महेश ध्रुव, उप निरीक्षक खगेन्द्र पठारे, लव पाण्डेय, आलउद्दीन शेख एवं सायबर सेल प्रधान आरक्षक चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक विक्रांत यदु की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अंबिकापुर-बिलासपुर एनएच-130 पर हादसा, 2 की मौत

# कंटेनर ने बाइक को मारी टक्कर, उछलकर दूर जा गिरे दोनों बाइक सवार, मौके पर मौत

**सरगुजा (ए)।** नेशनल हाइवे 130, अंबिकापुर-बिलासपुर मुख्यमार्ग पर जजगा मोड़ के पास तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर मौत हो गई। टक्कर के बाद बाइक सवार उछलकर दूर जा गिरे। कंटेनर में फंसकर बाइक करीब दो सौ मीटर तक घसीट गई। पुलिस ने कंटेनर को जब्त कर लिया है।



मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार शाम एनएच 130 में बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएक्स 6056 में सवार होकर अंबिकापुर से उदयपुर की ओर जा रहे थे। लखनपुर और उदयपुर के बीच जजगा-मोहनपुर मोड़ पर पीछे से जा रही तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को टक्कर मार दी। युवकों को सिर और अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई थी।

### उदयपुर क्षेत्र में पकड़ा गया कंटेनर

घटना के बाद चालक कंटेनर को लेकर भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने घेराबंदी कर कंटेनर को उदयपुर थाना क्षेत्र में पकड़ लिया। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे एसडीओपी अखिलेश कौशिक, थाना प्रभारी एलआर चौहान, एएसआई नेतराम पैकरा की टीम ने शवों को एक वाहन से लखनपुर अस्पताल भेजा।

### मृतकों की शिनाख्त नहीं

दोनों मृतक उदयपुर अंतर्गत ग्राम पंडरीडांड के बताए गए हैं। एक मृतक के पास प्रशांत पैकरा के नाम का पहचान पत्र मिला है। पहचान पत्र में उसे स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गांधीनगर अंबिकापुर का कार्यालय सहायक बताया गया है। संभवत: वह स्कूल से ड्यूटी करने के बाद छुट्टी होने पर शाम को मोटरसाइकिल से अपने घर के लिए निकला था। पहचान पत्र में उल्लेखित नंबर के आधार पर लोगों को सूचना दे दी गई है।

### एक अन्य हादसे में बाइक चालक की मौत

इधर नेशनल हाइवे 343, अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्य मार्ग पर ग्राम भकुरा के पास ट्रक की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। शंकरगढ़ निवासी अंकुश टोप्पो (25) मोटरसाइकिल से अंबिकापुर आ रहा था। सामने से जा रही तेज गति के ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में मृतक का सिर कुचल गया और उसकी मौके पर मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने मृतकों के परिजन को सूचना दे दी है।

# भिलाई टाउनशिप में दिनदहाड़े बदमाश बछिया लेकर भागे, सीसीटीवी में कैद हुई करतूत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** बीएसपी टाउनशिप में शनिवार को दो बदमाशों की शर्मनाक करतूत सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। सड़क पर घूम रही गाय की बछिया को दो बदमाश युवक उठाकर बाइक से भाग गए। घटना सेक्टर-1 की है जहां इस करतूत को अंजाम दिया गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई है। मामले में भट्टी पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 1 में क्वार्टर नंबर 16/बी सड़क 2 व 1 के पास शनिवार दोपहर 2.40 बजे मोटर साइकिल सवार दो युवक पहुंचे। इस दौरान एक युवक बाइक चालू कर रखा था। इसके बाद पीछे बैठा युवक तेजी से उतरा और गाय के साथ खड़ी बछिया को उठाकर मोटर साइकिल पर सवार होकर भाग निकला। इस दौरान गाय मोटर साइकिल सवार बदमाशों का पीछा किया लेकिन वे तेजी से भाग गए। दोनों युवक पावरहाउस रेलवे अण्डरब्रिज के रास्ते से होकर भाग निकले। बताया जा रहा है कि दोनों बाइक सवार इससे पहले सी मार्केट में भी बछिया को उठाने का प्रयास किया लेकिन लोगों की मौजूदगी के कारण वे भाग गए। इध इस मामले में पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।

### मवेशियों को पिकअप में लादकर ले जा रहे थे कत्लखाने, 5 गिरफ्तार

**बालोद।** बालोद एसपी जितेन्द्र कुमार यादव के आदेश गौ तस्करी के खिलाफ बड़ी करवी हुई है। 8 मवेशियों को कत्लखाना ले जाते 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मवेशी परिवहन में प्रयुक्त पिकअप को भी जब्त किया गया है। दरअसल एसपी ने जिले में गौ तस्करी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के आदेश दिए था, जिसपर थाना प्रभारी बालोद निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर थाना बालोद क्षेत्र अंतर्गत लगातार जगह बदल-बदल कर एमसीपी लगाकर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। 1 दिसंबर को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सांकरा (करहीभदर) के पास एक पिकअप में मवेशियों को भरकर कत्ल खाना ले जाय जा रहा है। सूचना पर थाना बालोद के उपनिरीक्षक नंदकिशोर सिन्हा के नेतृत्व में आरक्षक मनीष राजपूत, लवण सिंह राजपूत, विवके आनंदधीर, नागेश्वर साहू ने ग्राम सांकरा(क) में घेराबंदी कर उक्त पिकअप को रोका। वाहन की जांच करने पर उस गाड़ी में क्रूरता पूर्वक 8 मवेशियों को लादा गया था।

# फर्जी कागज के माध्यम से जमीन हड़पने की कोशिश

**महासमुंद ( ए )।** फर्जी हस्ताक्षर से दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत एसपी से कर फर्जी हस्ताक्षर से दस्तावेज तैयार करने वालों के विरुद्ध मामला दर्ज करने की मांग की गई है।

बागबाहरा थाना क्षेत्र के ग्राम कौहाकूड़ा निवासी अनिल नायक ने पुलिस से की शिकायत में बताया है कि पैसे की जरूरत पड़ने पर उनके पिता सूरज नायक ने रसोड़ा निवासी जगदीश साहू से ढाई लाख रुपए की मांग की। इसके बाद 5 सितंबर 2016 को जगदीश साहू ने अपने मित्र शंकर होता से ढाई लाख रुपए दिलाया, जिसके एवज में उन्होंने कोरे स्टाम्प में हस्ताक्षर कराकर अपने पास रखा। इसके बाद सूरज नायक ने 15 मार्च को जगदीश साहू को पैसा वापस दे दिया। फिर जब उसने जगदीश साहू से स्टाम्प की मांग की, तो उसे खोया हुआ बता दिया। तीन साल बाद तीन लोगों ने मिलकर फर्जी नोटरी कराया और




कोरे स्टाम्प पेपर में जो जमीन सूरज नायक के नाम थी उसे अपने नाम कर महासमुंद न्यायालय में पेश किया।

इसके बाद दस्तावेज की जांच कराई गई, जिसमें हस्ताक्षर का फर्जी पाया जाना बताते हुए फर्जी हस्ताक्षर और फर्जी दस्तावेज बनाने की शिकायत पुलिस से कर मामले में अपराध दर्ज करने आवेदन दिया गया। प्रार्थी ने बताया कि 27 सितंबर को महासमुंद थाना प्रभारी से इस मामले में शिकायत की गई थी। कार्रवाई नहीं होने से पुनः पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की गई है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को मिला आजीवन कारावास

**बलौदाबाजार ( ए )।** नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले युवक को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। उसने शादी का झांसा देकर नाबालिग से रेप किया था। दोषी युवक को कोर्ट ने 9 हजार रुपये के अर्थदंड का जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) प्रशांत पाराशर ने फैसला सुनाते हुए अभियुक्त महाराष्ट्र निवासी शंकर परसराम मेढ़े (30) को धारा 363 में 4 वर्ष, 366 में 10 वर्ष, 376 भा.द.वि. एवं 6 पॉक्सो एक्ट में आजीवन कारावास एवं 9 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।



शासन की ओर से प्रकरण में पैरवी करने वाले लोक अभियोजक समीर अग्रवाल ने बताया कि पीड़िता जनवरी 2022 में अपने माता-पिता के साथ ईट भट्ट में काम करने अरणी महाराष्ट्र गई थी वहीं पर पीड़िता का आरोपी शंकर के साथ जान-पहचान हो गई और वह एक दूसरे से बातचीत करने लगे। पीड़िता जब महाराष्ट्र से वापस अपने गांव आ गई तो 16 जून 2022 को आरोपी ने पीडिता को फोन कर रायपुर मिलने के लिए बुलाया तथा रायपुर में आरोपी पीडिता को अपने साथ बस बैठाकर वापस महाराष्ट्र ले जाकर एक घर में रखकर पीडिता के साथ लगातार दुष्कर्म किया।

इसकी जानकार पिता को मिली तो पीड़िता के पिता ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद में कार्रवाई शुरू हुई। थाना कसडोल ने जांच व अनुसंधान पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान न्यायालय में पीड़िता एवं उसके परिजन ने घटना का समर्थन किया। न्यायालय ने अंतिम बहस के दौरान अभियोजन के तर्को से सहमत होते हुए आरोपी को दोषसिद्ध पाया और उक्त सजा से दंडित किया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR Mob.-9840760388 7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### मेंटेनेंस के लिए टाउनशिप में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2023-2024 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस एवं अनुरक्षण कार्य संपादित किये जा रहे हैं। ब्रेकडाउन को कम करने और सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए विद्युत स्थापना के निवारक रखरखाव पर विशेष जोर दिया जाता है। दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के दौरान एचटी सिस्टम के निवारक रखरखाव के लिए टाउनषिप के विभिन्न स्थानों में योजनाबद्ध शटडाउन किया जाएगा। इस वार्षिक रखरखाव योजना के अंतर्गत सबस्टेशन, टैपिंग, डीपी और रखरखाव, ओवरहालिंग, ओवर हेड लाइनों का रखरखाव, जम्पर कसना, क्षतिग्रस्त पिन को बदलना, डिस्क इंसुलेटर और लाइटनिंग अरेस्टर, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस आदि कार्य किये जायेंगे। यह कार्य प्रतिदिन योजनानुसार पूर्ण किये जाते हैं। इस कार्य के तहत टाउनषिप में 04 दिसम्बर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं:- 04 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-7 का आधा भाग, 05 दिसम्बर 2023 को रिसाली सेक्टर, 06 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-7 का आधा भाग, सेक्टर-8 व सेक्टर-9 तथा हास्पिटल सेक्टर, 07 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-5, इंदिरा प्लेस, 08 दिसम्बर 2023 को मरोदा सेक्टर, तथा 09 दिसम्बर 2023 को सेक्टर-10। उपरोक्त उल्लेखित क्षेत्रों में प्रात: 10.00 बजे से 1.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### बीकॉम प्रथम एवं द्वितीय के पूरक परीक्षा परिणाम घोषित

**दुर्ग।** हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा पूरक परीक्षा 2023 के 15 परीक्षा परिणाम घोषित किये जा चुके है। आज विष्वविद्यालय द्वारा बीकॉम प्रथम एवं बीकॉम द्वितीय के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये गये। यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रषांत श्रीवास्तव ने बताया कि बीकॉम प्रथम वर्ष में पूरक परीक्षा में शामिल 1285 विद्यार्थियों में से 1100 विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे तथा 04 परीक्षार्थियों का परिणाम रोका गया 02 नकल प्रकरण रहे। इनका कुल परीक्षा परिणाम 86 प्रतिषत् रहा। बीकॉम द्वितीय वर्ष में शामिल 1808 परीक्षार्थियों में से 1633 परीक्षार्थी उत्तीर्ण घोषित किये गये 09 परीक्षार्थियों को परिणाम रोका गया इनका कुल परीक्षा परिणाम 90 प्रतिषत् रहा। बीएससी बीएड भाग 01 में शामिल 02 परीक्षार्थियों में से 01 परीक्षार्थी सफल होने के कारण परीक्षा परिणाम 50 प्रतिषत् रहा। बीएससी बीएड भाग 01 में शामिल 01 परीक्षार्थी अनुत्तीर्ण घोषित किया गया। इस बीच पूरक परीक्षाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन के पश्चात् लगभग 90 हजार उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है तथा शेष उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तीव्र गति से जारी है।

### अखिल जैन ने किया हरिओम गौशाला का अवलोकन, सेवाभाव को सराहा

**दुर्ग।** एनिमल वेल फेयर बोर्ड के मानद प्रतिनिधि अखिल जैन ने श्रीहरिओम गौशाला के सक्रिय गौ सेवक भगवान दास अग्रवाल, गौशाला के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल दुर्ग के साथ हरिओम गौशाला का अवलोकन किया। उन्होंने बताया कि यह बहुत ही सुंदर स्वच्छ गौशाला है जिसका गौसेवक पूर्ण सेवा भाव से संचालन कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौ शाला को आत्म निर्भर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। जैन ने खैरागढ़ स्थित मनोहर गौशाला में निर्मित फसल अमृत की पूरी जानकारी दी।

# बैठक में निर्णय:शौचालय होंगे अपग्रेड, भिलाई निगम चलाएगा अभियान, नए बनाने के लिए सर्वे भी कराएंगे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई । शहर के सभी सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों को अपग्रेड किया जाएगा। शौचालयों को पहले से और बेहतर बनाने के लिए भिलाई निगम द्वारा क्लीन टायलेट कैम्पेन के थीम पर कार्य करेगी। ताकि शहर के अधिक से अधिक लोग सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने प्रेरित हों। निगम क्षेत्र में सामुदायिक शौचालय निर्माण की आवश्यकता को देखते हुए स्थल चयन कर जोन कार्यालय से प्रस्ताव मंगाया गया है।**



आयुक्त रोहित व्यास ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के पूर्व सभी आवश्यक तैयारी कर लेने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। इसे लेकर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारी में भिलाई निगम जुटा हुआ है।

निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, सड़क किनारे धूल मिट्टी तथा झिल्ली पन्नी की सफाई, नाली सफाई इत्यादि कार्य को योजनाबद्ध तरीके से किया जा रहा है। शौचालयों का मेंटेनेंस होगा, सुधार के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी अधिकारियों ने बताया कि सार्वजनिक शौचालयों की निरंतर सफाई की जा रही है। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि कैम्पेन 25 दिसंबर तक चलेगा। जिन क्षेत्रों में सार्वजनिक शौचालय, सार्वजनिक यूरिनल की आवश्यकता है। उनका चयन किया जाएगा। इसके लिए सर्वे कराया जाएगा। कार्ययोजना तैयार की जाएगी। सार्वजनिक शौचालय में आवश्यक संधारण, माडल शौचालय में परिवर्तन करते हुए पीवीसी एवं एसीपी सीट से शौचालयों को आकर्षक बनाने अपग्रेड किया जाएगा। 2014 से पहले बने सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय एवं यूरिनल तथा पेट्रोल पंप में निर्मित शौचालय को तोड़कर नया शौचालय निर्माण किए जाने हेतु प्रस्ताव मांगा गया है।

# साजा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक भरतलाल शर्मा का मरणोपरांत नेत्रदान सम्पन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग व् मार्गदर्शन से साजा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक भरतलाल शर्मा का मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प पूरा हुआ । 28 नवंबर 2023 को दोपहर 12 बजे जिला बेमेतरा के मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ जी.एल.टंडन,सिविल सर्जन डॉ चुरेन्द्र के कुशल नेतृत्व तथा डॉ.अश्वनी वर्मा बी.एम.ओ. साजा के मार्गदर्शन व नेत्रदान अधिकारी विनोद कुमार बघेल सिविल अस्पताल साजा एवं नेत्रदान अधिकारी विजय देवांगन जिला अस्पताल बेमेतरा की संयुक्त टीम द्वारा भरतलाल शर्माजी के गृहग्राम खामडीह, ब्लॉक-साजा जिला-बेमेतरा पहुँच उनकी अनमोल आंखों को सुरक्षित निकाल कर सफलतापूर्वक मेडिकल कॉलेज रायपुर पहुंचाया गया। भरतलाल शर्मा शास.हाई स्कूल बोरतरा से सेवानिवृत्त शिक्षक थे एवं श्रीमति



कुमुदिनी शर्मा के पति व राकेश रोशन शर्माजी के चाचा थे। राज आढ़तिया ने कहा भरतलाल शर्मा जी शिक्षक थे एवं उम्र भर उन्होंने मानव समाज में अशिक्षा के अंधकार को मिटा शिक्षा का उजियारा देने का सन्देश दिया ,साजा में नेत्रदान होने से अब ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्रदान हेतु जागरूकता बढ़ेगी। धन का दान तो कोई भी कर सकता है किंतु अंगदान मानव समाज के लिए वरदान है इस कथन को चरितार्थ करने नेत्रदान के लिए कृत संकल्पित परिवार के वटवृक्ष, सहज, सरल स्वभाव, मृदुभाषी, अनुशासनप्रिय श्री भरतलाल शर्मा जी ने 72 वर्ष की आयु में दुनिया से जाते जाते समाज के लिए एक प्रेरणादायक मिसाल कायम किया है, साजा अंचल में इस तरह नेत्रदान देकर आने वाली कई पीढ़ियों को मानव समाज के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। गृहग्राम खामडीह की शोक सभा में उपस्थित ग्रामीणजनों, समाज के प्रबुद्धजन एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने शर्माजी के परिवार को प्रेरणादायी पुनीत कार्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। तथा उनके नेत्रदान के इस अनुकरणीय पहल को समाज के लिए गर्व का विषय बताया। नेत्रदान के इस पुनीत कार्य में नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य पूनम जैन का विशेष सहयोग व डॉ.अविनाश मारकंडे, (चिकित्सा अधिकारी सिविल अस्पताल साजा), नेत्र सहायक अधिकारी विजय देवांगनजी, विनोद कुमार साहूजी गुलाबचंद सिन्हाजी (सी.एच.सी. बेरला) का सराहनीय योगदान रहा

नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से अनिल बल्लेवार ,कुलवंत भाटिया,राज आढ़तिया, प्रवीण तिवारी,मुकेश आढ़तिया, हरमन दुलई,रितेश जैन,जितेंद्र हासवानी,मंगल अग्रवाल,किरण भंडारी,उज्जवल पींचा ,सत्येंद्र राजपूत,सुरेश जैन,राजेश पारख,पियूष मालवीय,दीपक बंसल ,विकास जायसवाल,मुकेश राठी,प्रभु दयाल उजाला, प्रमोद बाघ ,सपन जैन ,यतीन्द्र चावड़ा ,जितेंद्र कारिया , बंसी अग्रवाल, अभिजीत पारख,मोहित अग्रवाल,चेतन जैन,दयाराम टांक ने भरतलाल शर्मा को श्रद्धांजलि दी व् शर्मा परिवार को साधुवाद दिया।

# छात्राओं को इंटरनेट के उपयोग में सावधानी बरतने टिप्स दिए



श्रीकंचनपथ न्यूज

**पाटन।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसरा में व्यावसायिक पाठ्यक्रम मीडिया और इंटरटेनमेंट के अंतर्गत गेस्ट लेक्चरर साइबर सिक्योरिटी इंजीनियर मनीष कुमार ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, चाहे आप सार्वजनिक वाईफाई का यूज करें या फिर और किसी एप का ऑनलाइन यूज इसमें सावधान होना अति आवश्यक है। एक्सपर्ट ने बताया कि हॉटस्पॉट से जुड़ रहे हों या घर पर सोशल मीडिया पर स्क्रॉल कर रहे हों।

आपको सावधानी से उपयोग करना चाहिए इसके लिए साइबर सुरक्षा पर लिखे लेखों को जरूर पढ़ना चाहिए और मार्गदर्शन के साथ अपने परिवार को सुरक्षित रखना चाहिए। साइबर सुरक्षा का मतलब ऑनलाइन स्पेस में सुरक्षा है। इसलिए यह आपके द्वारा अपने ऑनलाइन सामाजिक और वीडियो गेमिंग खातों पर उपयोग की जाने वाली सुरक्षा सेटिंग्स या आपके द्वारा अपने परिवार के उपकरणों पर उपयोग किए जाने वाले सॉफ्टवेयर को सुरक्षित ढंग से उपयोग करना चाहिए।

# भिलाई विद्यालय में अन्तर-शालेय भाषण प्रतियोगिता सम्पन्न




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र शिक्षा विभाग के वार्षिक शालेय क्रियाकलापों के अंतर्गत भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर अन्तर शालेय भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें माध्यमिक स्तर के 9 और उच्चतर माध्यमिक स्तर के 4 प्रतिभागियों ने भाग लिया। साहित्यकार लोकबाबू श्री एल सी मेश्राम पूर्व सहायक प्रबंधक शिक्षा विभाग और वरिष्ठ प्रबंधक विधि विभाग से श्री कृपाशंकर शर्मा प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में उपस्थित रहे। इंग्लिश मीडियम मीडिल स्कूल की शिक्षिका सुश्री वीणा माखीजा के निर्देशन में विद्यालय की छात्राओं द्वारा में सरस्वती वंदना एवं स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। एल सी मेश्राम और श्री कृपाशंकर शर्मा ने अपने संबोधन में प्रतियोगिता के प्रस्तुतीकरण का महत्व बताते हुए अपशिष्ट प्रबंधन पर अपने महत्वपूर्ण विचार व सुझाव साझा किये। भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के प्राचार्य श्री विजय सिंह पवार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इस भाषण प्रतियोगिता प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग से सुमित कुमार सिंह (सीनियर सेकंडरी सेक्टर-10), द्वितीय गीतांशु (भिलाई विद्यालय सेक्टर-2) और प्रियंका यादव तृतीय (कन्या विद्यालय सेक्टर-11) तथा जुनियर वर्ग से श्रुति सिंह (ई.एम.एम.एस सेक्टर-6), अंतरा मिश्रा (ई.एम.एम.एस, रूआबांधा) ने द्वितीय और मोनालिसा राय (ई एम एम एस सेक्टर - 5) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त वरिष्ठ व्याख्याता श्री एस के खोबरागढ़े द्वारा किया गया तथा कनिष्ठ अधिकारी राजेश कुमार गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रेषित किया गया।

# भिलाई इस्पात संयंत्र ने अप्रैल-नवंबर अवधि में उत्पादन के सभी प्रमुख मापदंडों में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वर्तमान वित्तीय वर्ष में उत्पादन में निरन्तर वृद्धि दर्ज करते हुए सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र ने अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि यानि वर्ष के प्रथम 8 महीनों में उत्पादन के सभी प्रमुख मापदंडों पर उत्कृष्ट प्रदर्षन किया है। संयंत्र ने वर्तमान वित्त वर्ष की अप्रैल से नवंबर 2023 अवधि में ओवन पुशिंग से लेकर सिंटर उत्पादन, हॉट मेटल, क्रूड स्टील और सेलेबल स्टील प्रोडक्षन से लेकर डिस्पैच के लिए लांग व फ्लैट प्रोडक्ट्स की लोडिंग में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में शानदार वृद्धि दर्ज की है। संयंत्र ने अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि में 782 ओवन प्रतिदिन औसत पुशिंग दर के साथ 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कोक ओवन ने पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि अप्रैल से नवंबर 2022 में 674 ओवन की औसत पुषिंग दर



हासिल की थी। संयंत्र ने सिंटर उत्पादन में 9 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज करते हुए अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि में 56,87,000 टन सिंटर का उत्पादन किया।

जबकि पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में सिंटर उत्पादन 52,27,000 टन दर्ज किया गया था। इसके साथ ही संयंत्र हॉट मेटल उत्पादन में भी 15 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज की है। ब्लास्ट फर्नेस ने अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि में 38,93,000 टन हॉट मेटल उत्पादन कर, पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 33,86,000 टन उत्पादन को पीछे छोड़ा। इसी क्रम में संयंत्र ने क्रूड स्टील उत्पादन में भी 14 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि में संयंत्र की स्टील मेल्टिंग शॉप्स ने 36,88,000 टन क्रूड स्टील उत्पादन करते हुए, पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 32,32,000 टन क्रूड स्टील उत्पादन को पार कर उत्कृष्ट प्रदर्षन किया है। भिलाई इस्पात संयंत्र ने पिछले वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवंबर 2022 अवधि में दर्ज 29,93,000 टन सेलेबल स्टील प्रोडक्षन को पीछे छोड़ते हुए, वर्तमान वित्त वर्ष इसी अवधि में 34,35,000 टन सेलेबल स्टील प्रोडक्षन कर उत्पादन में 15 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल से नवंबर 2023 की अवधि में डिस्पैच हेतु लांग व फ्लैट प्रोडक्ट्स की कुल 34,26,040 टन लोडिंग के साथ 15.7 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज की है। अप्रैल से नवंबर 2022 के दौरान 29,61,520 टन लोडिंग किया गया था। इसके साथ ही संयंत्र ने अप्रैल से नवंबर 2023 के दौरान डिस्पैच के लिए 25,69,020 टन लांग प्रोडक्ट्स की लोडिंग के साथ 19.2 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज करते हुए पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में दर्ज 21,54,975 टन लोडिंग के आंकड़े को पार किया। फ्लैट प्रोडक्ट्स की लोडिंग में 6.3 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज करते हुए अप्रैल से नवंबर 2022 के दौरान 8,06,545 टन लोडिंग की तुलना में, वर्तमान वित्त वर्ष की इसी अवधि में डिस्पैच हेतु 8,57,020 टन फ्लैट प्रोडक्ट्स लोडिंग किया है।

# क्रिसमस के आगमन का संदेश: क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च ने आम लंगर के साथ किया क्रिसमस का स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दिसंबर माह के आते ही सबसे पहले याद आने वाले त्योहारों में क्रिसमस का त्योहार हर किसी के लिए खुशी के आगमन का संकेत देता है। क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 भिलाई द्वारा क्रिसमस माह के आरंभ के उपलक्ष में आम लंगर का आयोजन किया गया।**

जिसमें बड़ी संख्या में विभिन्न समाज के लोगों ने पहुंच कर आमलंगर का आनंद उठाया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में सुनील डेविड शामिल हुए और उन्होंने लंगर में लोगों को भोजन



परोस कर कार्यक्रम की शुरुआत की। आयोजन के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च सेक्टर 6 भिलाई के अध्यक्ष एवं पास्टर इंचार्ज रेव्ह. अर्पण तरुण ने बताया कि क्रिसमस का त्योहार क्रिश्चियन समुदाय का सबसे प्रमुख त्योहार है और हम इसे पूरे महीने सेलिब्रेट करते हैं। इसका प्रारंभ हम दिसंबर माह के पहली तारीख से ही कर देते हैं जिसे जेवनार कहा जाता है इसके द्वारा हम प्रभु के आगमन की खुशी जाहिर करते हैं यह परंपरा सदियों पुरानी है। क्योंकि प्रभु यीशु ने कहा है कि यदि तेरे पास दो रोटी है तो उनमें से एक दूसरे के साथ बांटकर खा, पूर्व काल में जब लोग समर्थ्यवान नहीं होते थे, तब भी वे इस पूरे महीने जो भी मेहमान उनके घर आता था उसे भूखे नहीं भेजा जाता था यह त्योहार उसी का आधुनिक रूप है।

जब हम इस खुशी के त्यौहार के आगमन को प्रत्येक समाज के लोगों के साथ मिल बांटकर भोजन करते हैं और क्रिसमस के आगमन का संदेश देते हैं।

# विश्व एड्स दिवस के अवसर पर रैली का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज दुर्ग में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एनएसएस, रेडक्रॉस सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब तथा एमएसडब्ल्यू के संयुक्त तत्वावधान में एड्स जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम. ए. सिद्दीकी ने विद्यार्थियों को एड्स के विषय में जागरूक करने तथा जागरूकता फैलाने का आव्हान किया। उद्बोधन पश्चात् प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह जागरूकता रैली महाविद्यालय से प्रारंभ होकर रायपुर नाका होते हुए नारे श्लोगन तथा गीतों के माध्यम से मालवीय नगर चैक पहुंची, जहां मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को एड्स से बचने हेतु जागरूक किया गया। विद्यार्थियों ने रेड रिबन,




एड्स का सिंबल बनाकर भी लोगों को एड्स दिवस पर जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में आईक्यूएसी प्रभारी डॉ अनुपमा अस्थाना, स्वशासी परीक्षा विभाग के प्रभारी डॉ जगजीत कौर सलूजा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

इस कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अश्वनी महाजन, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना, डॉ. जी.एस. ठाकुर, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो जनेंद्र कुमार दीवान, रेड क्रॉस प्रभारी डॉ. मोतीराम साहू, डॉ सतीश कुमार सेन, डॉ. श्रीराम कुंजाम, डॉ श्वेता पाण्डेय, प्रो दिलीप कुमार साहू, क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मेंद्र कुलदीप, डॉ रजनीश उमरे सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों ने रैली में सम्मिलित हो कर विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के दो सौ से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950